CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम :24°C
सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900 चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 25 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

**मास्को।** रूस की यात्रा पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा: पीएम मोदी

## बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

# देश में कोरोना की वापसी, अब तक 350 एक्टिव मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो




फाइल फोटो

■ महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय सॉर्स एंड कोवि-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट एनबी1.8.1 का एक और एलएफ-7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है।

# अभिनेता मुकुल देव का निधन



■ 54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।

# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल



■ कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।

## 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है।

# आज से दो जून तक नौतपा

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।


इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई।

### मानसून ने आठ दिन पूर्व ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

DELHI PUBLIC SCHOOL, RUDRAPUR
( Under the aegis of the DPS Society, New Delhi )
CBSE BOARD RESULTS 2024-25
CLASS XII
CLASS X







100 MARKS SCORERS
Economics -3 Students, Physical Education -1 Student, Painting -6 Students, Business Studies -1 Student

100 MARKS SCORERS
Artificial Intelligence -31 Students, Mathematics -1 Student

Meritorious Students (90% & Above)
CLASS XII
Aaditya Singh Rathore – 96.4%, Gauri Juneja – 94.4%, Bhoomi Arora – 93.8%, Harkirat Singh – 92.4%, Ashmeet Kaur – 91%, Arshleen Kaur – 90.8%, Shivam Bansal – 90.4%, Agamdeep Kaur – 90.4%, Nikita Khanduja – 90.2%, Rajnandini Tripathi – 90.2%, Pankkela Anand – 90%, Yana Dhami – 90%
CLASS X
Keshav Singh – 95.8%, Adison – 95.8%, Maulik Kwatra – 95.4%, Kartik Agarwal – 95.2%, Vinayak Mehra – 95%, Gaurav Saraswat – 94.6%, Ridhima Agrawal – 94.6%, Paarth Bathla – 94.4%, Vaibhavi Jantwal – 94%, Kavya Naggal – 93.8%, Anvi Agrawal – 93.8%, Devansh Pratap Singh – 93.6%, Shree Vyas – 93.4%, Katyayni Baghel – 93.4%, Jasmeet Kaur – 91.8%, Anuj Tamta – 91.8%, Vrinda – 91.8%, Akshat Shukla – 91%, Harbani Kaur – 91%, Gurpyag Singh – 92.4%, Manya Agarwal – 92.4%, Aradhya Thapar – 92.4%, Vikesh Pandey – 92.4%, Jeet Chugh – 92%, Krish Bansal – 92.2%, Samridhi Binwal – 92.2%, Chaitanya – 92.2%, Aditi Tamta – 92.2%, Sameer Malik – 92.2%, Manas Agrawal – 90.6%, Gunrose Kaur – 90.6%, Nakul Kumar Daksh – 90.6%, Ayush Singh – 90.6%

ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
contact@dpsrudrapur.com 7500 865 865|| 7500 895 895 www.dpsrudrapur.com Kichha Road, Rudrapur, Uttarakhand

JAYCEES PUBLIC SCHOOL
Rudrapur
Affiliated to C.B.S.E Affiliation No. 3530038
THE MANAGEMENT OF SCHOOL, DIRECTOR, PRINCIPAL & STAFF OF JAYCEES PUBLIC SCHOOL, RUDRAPUR CONGRATULATE ALL THE OUTSTANDING ACHIEVERS

CLASS - XII SCHOOL TOPPERS: 2024-25




MERITORIOUS STUDENTS

| | | |
|---|---|---|
| ISHITA SUNKAR | COMMERCE | 95.6% |
| PRIYANSHI ARORA | COMMERCE | 95.4% |
| SANA RAZA | SCIENCE | 95.4% |
| HANSIKA BHRAM | HUMANITIES | 94.8% |
| ANUSHKA SINGH | COMMERCE | 94.8% |
| ARYAN RANA | SCIENCE | 94.8% |
| NAVJOT SINGH | HUMANITIES | 94.2% |
| CHARU CHAKRABORTY | COMMERCE | 94.2% |
| SNEHA SIROHI | SCIENCE | 94% |
| TOUFIKA SHAHIN | SCIENCE | 93.8% |
| NEHA GOSWAMI | HUMANITIES | 93.6% |
| PUNEET KAUR | HUMANITIES | 93.4% |
| UJJWAL AGARWAL | HUMANITIES | 93.4% |
| YASH PATHAK | COMMERCE | 93.2% |
| RAHUL PAL | SCIENCE | 93.2% |
| GURBANI KAUR | COMMERCE | 93% |
| SHUBHRA RANI | COMMERCE | 92.6% |
| AYUSH NARIYAL | HUMANITIES | 92.2% |
| NIDHI NEGI | HUMANITIES | 92.2% |
| KHUSHI CHAWLA | COMMERCE | 92% |
| AJAY KUMAR | SCIENCE | 91.8% |
| KARMANDEEP SINGH | SCIENCE | 91.8% |
| BHUMIKA BHATT | COMMERCE | 91.4% |
| ABDUL ZEESHAN KHAN | COMMERCE | 91% |
| SACHIN TEWARI | SCIENCE | 91% |
| AMAN KUSHWAHA | HUMANITIES | 90.8% |
| SHANYA TIWARI | COMMERCE | 90.6% |
| ARADHYA CHAUDHARY | SCIENCE | 90.6% |
| JYOTI TIWARI | COMMERCE | 90.4% |
| GUNJAN JOSHI | SCIENCE | 90.4% |
| MOHD SAQUIB MALIK | SCIENCE | 90% |

SUBJECT WISE 100% ACHIEVERS
AARIFA QURESHI Geography, Painting
KARMAN KAUR Political Science, Painting
NAVJOT SINGH Yoga
TOUFIKA SHAHIN Yoga, Painting
GUNJAN JOSHI Food Nutrition & Dietetics
KOMAL GANGWAR Yoga

PAINTING
YASHIKA SWAMI, JYOTIKA SINGH, ARYAN RANA, AISHWARYA GOSWAMI, HANSIKA BHRAM, NIDHI NEGI, KHUSHI CHAWLA, SHANYA TIWARI, SAKSHI RAWAT, ANAY TRIPATHI, ROHIT SINGH, PRIYADARSHNI, APRAJITA, SWATI MEHRA, NIHAR KANDWAL, MAHI CHHABRA, TANYA CHUGH

Total Students Appeared : 271
Pass Percentage : 100%
Above 90% : 41
Above 80% : 104
Above 75% : 185

Heartiest Congratulations
Thank you for making us proud !

CLASS - X SCHOOL TOPPERS: 2024-25




SUBJECT WISE 100% ACHIEVERS
SONAM VERMA English, AI
GAURANG PANT Sanskrit, Maths, AI
TANUJA Hindi
PARI THUKRAL Hindi, AI
HARSHITA JOSHI Maths, AI
MEENAKSHI SINGH Science, AI
PRIYANSHU NANDAN Science, AI
KAPIL TIWARI Science
JATIN PUJARI SST, AI, Maths
ANUBHAV SINGH SST, AI
GARIMA SST

ARTIFICIAL INTELLIGENCE
DARSHIKA SINGH, AJIT MANOJ RAY, PRABHLEEN KAUR, SHIVAM GUPTA, SHUBHANGI SHAH, LAKSHITA PANDEY, AAYUSH KUMAR, PRABHAV MALASI, DEVASHISH, SHIV SHARMA, VANSH KUMAR SINGH, VIDUSHI SAXENA, MAUSAMI KANOJIA, PREMDEEP BAJAJ, ADITI JHA, HARSHITA PANDEY, MADHUR TYAGI, AKRITI MISHRA, NIYATI VATS, JAYA THUKRAL, ANSHUMAN SINGH, MOHD. KAIF, CHHAVI BINWAL

Total Students Appeared : 328
Pass Percentage : 100%
Above 90% : 93
Above 80% : 191
Above 75% : 241

www.jpsrudrapur.com
Gangapur Road, Rudrapur - 263153 (UTTARAKHAND)

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती पर झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाया

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती और कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान बुंदेलखंड में बिजली कटौती पर भड़क गए और तत्काल झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बीते 21 व 22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल को प्रभावित क्षेत्रों में खुद जाकर निरीक्षण करें और आपूर्ति को सही कराएं। सभी कांटिजेंसी प्लान बनाकर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को दूर करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम को स्थापित करें।

### सपा सांसद बर्क को देना होगा 1.91 करोड़ जुर्माना

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है और अब उन पर कोई विकल्प नहीं बचा है। ये जुर्माना सांसद के घर बिजली चोरी की जांच के बाद लगाया गया था। सांसद पर जुर्माने को लेकर संभल चर्चाएं जोरों पर हैं। बिजली विभाग संभल के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को अंतिम नोटिस भेजा गया है। अब उनके पास इसे भरने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प है। सांसद जिया उर रहमान को ये बिजली विभाग का नोटिस तब भेजा है, जब वो पहले से कई मामलों में फंसे हुए हैं। बिजली विभाग के मुताबिक पिछले साल 19 दिसम्बर को सांसद बर्क के आवास पर छापा मारा गया था। इस दौरान बिजली टीम को सांसद के आवास पर दो किलोवाट के दो कनेक्शन मिले, एक जिया उर रहमान के नाम और दूसरा उनके दादा पूर्व सांसद डा. शाफिकुर्रहमान बर्क के नाम, जबकि दोनों मीटर में खपत शून्य थी, जिसके बाद बिजली चोरी के शक में जांच हुई, तो उसमें चोरी पकड़ी गई।

### पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा, पहुंचे जेल

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद और भड़काऊ पोस्ट और धमकी भरे वीडियो अपलोड किए थे। ये मामला तब सामने आया, जब इंस्टाग्राम पर वायरल हुए दो पोस्ट से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने दोनों हाथ जोड़ते और मांफी मांगते दिखे। पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद जैसी देश विरोधी टिप्पणी पोस्ट की थी। दूसरे युवक ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है और जुबान काटने की धमकी दी थी।

## युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद, यूपी सरकार बनाए नया कानून

# ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग पर हाईकोर्ट नाराज

**प्रयागराज, वार्ता**



- अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं
- उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करें

**ऑनलाइन** गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि, अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने आगरा के इमरान खान व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसकी विधायी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने और उस समिति में प्रमुख सचिव, राज्य कर के साथ विशेषज्ञों को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। यह समिति वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए एक विधायी व्यवस्था बनाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर लगाम के लिए फिलहाल कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 औपनिवेशिक युग का कानून था, जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रह गया है। वर्चुअली सट्टेबाजी या जुआ अब राज्य और राष्ट्र की सीमा से परे जा चुका है। सर्वर सिस्टम दुनिया की दूसरी सीमाओं में हैं, जिस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

देश के किशोर और युवा आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे उनमें अवसाद, चिंता, अनिंद्रा के साथ सामाजिक विघटन की स्थिति बढ़ रही है। निम्न और मध्यम वर्ग ऑनलाइन गेम उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म के झांसे में आकर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। कोर्ट ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि कि इसका अनुपालन हो सके। बता दें कि याचियों के खिलाफ आगरा के मंटोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत तीन साल पहले प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 27 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचियों को नोटिस जारी किया था। याचियों की ओर से याचिका दाखिल कर आपराधिक कार्रवाई को रद करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अधिकतम दो हजार जुर्माना और 12 महीने तक की कैद का प्रावधान है. लेकिन, फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स जैसे ऑनलाइन गेम्स को लेकर कानून अस्पष्ट है। बड़ी संख्या में युवा इसकी जद में आकर नुकसान उठा रहे हैं। भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा जुआ गतिविधियों को विनियमित करने और सार्वजनिक जुआ घरों को दबाने के लिए लागू किया गया औपनिवेशिक युग का कानून है। वर्ष 1867 में यह पर्याप्त था, लेकिन आज नगण्य है। यूके, अमेरिका सहित दुनिया के कई विकसित देशों ने प्रावधान बनाए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख चार जुलाई निर्धारित की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकल बेंच ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तिथि चार जुलाई निश्चित की है।

### बिना दिमाग लगाए आदेश देने वाले अफसर को ट्रेनिंग कराए वित्त मंत्रालय: उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने ऋण वसूली अधिकरण(डीआरटी) लखनऊ से मामलों में बिना दिमाग लगाए समान आदेश पारित किए जाने का सख्त संज्ञान लिया है। न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया कि डीआरटी के ऐसे अफसर की ट्रेनिग कराने पर गौर करे जिससे डीआरटी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके लिए कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश विमला कश्यप समेत तीन याचियों की याचिका पर दिया। इसमें डीआरटी के इसी दो मई उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचियों को अंतरिम राहत देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि यद्यपि, अर्जी में अंतरिम राहत देने की वजहें बताई गाएं थी, इसके बावजूद इन्हें गलत तरीके से दर्ज करके डीआरटी ने अर्जी खारिज करने का अप्रत्याशित आदेश पारित कर दिया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

**प्रयागराज, वार्ता**

- नोएडा में तैनात थे दरोगा प्रदीप कुमार गौतम हाईकोर्ट ने दी राहत

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम- 8 (2) (बी) के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्याप्त साक्ष्य होने पर भी बगैर विभागीय कार्यवाही के बर्खास्तगी करना अवैध है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना नियम तथा कानून के विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम की बहस सुनकर पारित किया है। मामले के अनुसार दरोगा प्रदीप कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज, गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। याची पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास में खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम चौकी प्रभारी गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही है। दरोगा का यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक 05 अप्रैल 2005 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, नोएडा में धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची के ऊपर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वत: स्पष्ट हो रहा है एवं दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है तथा दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। पर्याप्त साक्ष्य के आधार होंने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है।

## नीति आयोग की बैठक ध्यान भटकाने का प्रयास

### सामाजिक ताना-बाना टूट रहा हो, तो विकसित भारत कैसे बनेगा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है, जब खुद सरकार सामाजिक ताना-बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो।

पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है। कांग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मो से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा। श्री रमेश ने कहा कि अगर भारत की शानदार विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाए और उन्हें मिटाया जाए तो कैसा विकसित भारत होगा। ए कैसा विकसित भारत हैं जहां केवल अभिव्यक्ति की आजादी ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के बाद की स्वतंत्रता भी खतरे में है।



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लगाया आरोप संपत्ति गिने चुने लोगों के हाथ में सिमट रही

### सपा समाप्त, राहुल बने पाक के प्रवक्ता

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में हैं, लेकिन राजनेताओं की बयानबाजी अभी से ही तेज हो गई है। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सपा के सोशल मीडिया पर उपजा विवाद थमा भी नहीं कि शनिवार को सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर से समाप्तवादी पार्टी कहा और कहा कि 2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है। वे वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने राहुल गांधी को पाक का प्रवक्ता बता दिया। वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है।

## योगी की सौगात, यूनिफॉर्म को 487 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों बच्चों के लिए एक और राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 487 करोड़ रुपये की बड़ी राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 26 मई को लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस योजना के तहत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजेंगे।

इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। यूनिफॉर्म के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे जरूरतमंद तक पहुंचे। सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिर्फ यूनिफॉर्म ही नहीं, बल्कि स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्वेटर आदि की भी व्यवस्था की जाती है। हर साल शिक्षा विभाग छात्रों को इन वस्तुओं की खरीद के लिए राशि उनके बैंक खातों में भेजता है।

पिछले वर्षों में भी इसी तरह डीबीटी के माध्यम से करोड़ों बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह पूरी प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग की निगरानी में होगी। विभाग ने पहले ही सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं कि पात्र छात्रों की सूची तैयार की जाए और उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाए, ताकि ट्रांसफर में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि यूनिफॉर्म, बैग और मिड-डे मील जैसी योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये की राशि देती है, जिसमें दो यूनिफॉर्म, एक बैग, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे और एक स्वेटर शामिल होता है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी लगभग इसी तर्ज पर 1.91 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाया गया था। योगी सरकार की यह पहल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



- अभिभावकों के खाते में 26 मई को पहुंच जाएगी धनराशि


## भाजपा का गुजरात मॉडल-भ्रष्टाचार का साबित: सिसोदिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस गुजरात मॉडल का देश भर में ढोल पीटती है, दरअसल वह भ्रष्टाचार का मॉडल है, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर लेते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ऐसे ही गुजरात में हुए एक कथित महाघोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार के पंचायती राज मंत्री के पुत्रों ने कंपनियां बना कर दाहोद में मनरेगा का काम लिया, लेकिन काम नहीं किया और 71 करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पुलिस की गिरफ्त में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने मंत्री का न इस्तीफा लिया और न कोई कार्रवाई की। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पंजाब की 'आप' सरकार ने भ्रष्टाचार की जानकारी होते ही अपने विधायक को गिरफ्तार करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि पंजाब में शुक्रवार को जब 'आप' के एक विधायक ने भ्रष्टाचार किया, तो भगवंत मान की सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती। यही केजरीवाल की राजनीति है और यही भगवंत मान सरकार का मंत्र रहा है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले अपने गुजरात मॉडल की बहुत बात करते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का मॉडल है। यह खुलासा हो रहा है कि गुजरात के दाहोद में मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मीडिया में भी यह थोड़ा-बहुत चर्चा में आया कि गुजरात के पंचायती राज मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के पुत्रों ने अपने ही पिता के विभाग के पैसे उड़ा दिए। दाहोद में 71 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। भाजपा की सरकार इसमें मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरे गुजरात के सभी तालुकाओं में इसकी जांच करा ली जाए, तो यह घोटाला कितने हजार करोड़ रुपये का होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

आप नेता ने कहा कि जब मंत्री खुद अपनी कुर्सी पर बने हुए हैं और उनके पुत्र उनके ही विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में गुजरात पुलिस की गिरफ्त में हैं, तो मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं लिया जा रहा? भाजपा अपने मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं ले रही? इसके पीछे क्या वजह है? सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ पंजाब का मॉडल है, जहां अपनी ही पार्टी के विधायक तक को नहीं छोड़ा जाता और दूसरी तरफ गुजरात का मॉडल है, जहां अपनी पार्टी के मंत्री के पुत्रों ने खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार किया। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कौन उन्हें बचा रहा है? यह गुजरात भी जानना चाहता है और देश भी जानना चाहता है।



- आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोताही नहीं बरती

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषा: पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

- तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अगुाय, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेषकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ध्से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल

# शहरी क्षेत्रों में टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने की बेहद जरूरत

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर ड्रेनेज की विशेष योजना बनाने का किया अनुरोध

■ प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक ■ "पीएम कृषि सिंचाई योजना'' में लिफ्ट इरिगेशन शामिल करने का अनुरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली /देहरादून।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की शनिवार को हुई दसवीं बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते शहरों में ड्रेनेज की समस्या एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने "पीएम कृषि सिंचाई योजना" की गाइडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्र का मात्र 10 प्रतिशत भूभाग ही सिंचित हो पा रहा है। कहा कि उत्तराखंड में हिमनद आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने की दिशा में "नदी जोड़ो परियोजना" के साथ ही चेक डैम्स और लघु जलाशयों के निर्माण के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

### जीडीपी में प्राथमिक सेक्टर का योगदान मात्र 9.3 प्रतिशत

मुख्यमंत्री धामी ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि उत्तराखंड की जीडीपी में प्राथमिक सेक्टर का योगदान जहां मात्र 9.3 प्रतिशत है, वहीं इस कार्य में लगभग 45 प्रतिशत आबादी लगी है। इस समस्या को देखते हुए हमने प्रदेश के काश्तकारों को "लो वैल्यू एग्रीकल्चर" की बजाए "हाई वैल्यू एग्रीकल्चर" अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया है, जिनमें एप्पल मिशन, कीवी मिशन, ड्रैगन फ्रूट मिशन, मिलेट मिशन तथा सगंध कृषि को प्रोत्साहन शामिल है।

### राजजात व कुंभ के लिए मांगा सहयोग

वर्ष 2026 में उत्तराखंड में पर्वतीय महाकुंभ के रूप में प्रसिद्ध "मां नन्दा राजजात यात्रा" तथा वर्ष 2027 में हरिद्वार में "कुंभ" का आयोजन होना है। मुख्यमंत्री धामी ने इन दोनों आयोजनों को "भव्य एवं दिव्य" बनाने के लिए सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में "डेमोग्राफिक डिविडेंड" की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से आने वाले दस वर्ष में हम "डेमोग्राफिक डिविडेंड" का सर्वाधिक लाभ उठा सकते हैं।

# बेंगलुरु में विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने दिया संदेश

■ सम्मेलन में प्रौद्योगिकी आधारित आपदा एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन पर जोर ■ मुख्य सम्मेलन इसी वर्ष नवम्बर माह मे उत्तराखंड में होगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु/ देहरादून।** जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के बीच, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और हिमालयन एकेडमी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन 2025' का तीसरा प्री-समिट बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च में आयोजित हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आपदा-प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और राज्यों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से इस प्री आपदा सम्मेलन को आयोजित कराने हेतु यूकॉस्ट व अन्य आयोजकों को बधाई प्रेषित की और कहा की इसका मुख्य सम्मेलन नवम्बर माह मे उत्तराखंड में होगा। भारत रत्न प्रो. सी.एन.आर. राव व डॉ. इंदुमती राव ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई। प्रो. राव ने राज्यों के बीच वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यूकोस्ट की सराहना की, जबकि डॉ. राव ने ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर चिंता व्यक्त की।

यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच सांस्कृतिक-सामाजिक संबंधों को रेखांकित करते हुए शसिल्क्यारा फ्रेमवर्कश नामक एक स्वदेशी आपदा प्रबंधन मॉडल का प्रस्ताव रखा, जो पूर्व-आपदा वैज्ञानिक तैयारी पर केंद्रित है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री करेंगे एग्री मित्र 2025 मेले का उद्घाटन

■ 14 और 15 जून को आयोजित होगा दो दिवसीय एग्री मित्र 2025 कृषि मेला



**मुख्य संवाददाता शाह**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 14 और 15 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय एग्री मित्र 2025 कृषि मेले की तैयारियों की बैठक की। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में शनिवार को आयोजित बैठक में कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि यह भव्य कृषि मेला 14-15 जून को देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। मेले में देशभर के किसान, एफपीओ, स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सहकारिता समितियाँ और स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। इस दौरान स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, मोटे अनाज (मिलेट्स) पर चर्चा, वैज्ञानिक सत्र एवं नवाचारों की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण होंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि मेले का उद्घाटन सत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में होगा, जबकि समापन सत्र में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह समेत कई राज्यों के कृषि मंत्री एवं देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को मेले की तैयारियों में किसी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए और कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड को वैश्विक कृषि मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।बैठक में कृषि निदेशक केसी पाठक, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, जैविक बोर्ड के एमडी विनय कुमार, डॉ. रतन कुमार, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, भरसार यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. परमिंदर कौशल, ग्राफिक एरा डॉ. एमके नोटियाल, देवभूमि यूनिवर्सिटी डॉ. मनीषा व माया देवी यूनिवर्सिटी डॉ.निशा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जोशी ने कुलपतियों के साथ किया विकसित कृषि संकल्प अभियान पर मंथन

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ देशव्यापी अभियान आगामी 29 मई से 12 जून तक चलने वाले षविकसित कृषि संकल्प अभियानष के तहत राज्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कृषि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा 14 और 15 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले कृषि मेले में छात्र छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कृषि मेले कृषि विश्वविद्यालय द्वारा स्टॉल लगाए जाए। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने छात्र छात्राओं द्वारा कृषि मेले में पोस्टर प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मिलित किया जाए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभान्वित किया जाए।

### दिनेश कौशल को प्रदेश कांग्रेस के श्रम प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

**देहरादून ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश कौशल को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। कौशल युवा कांग्रेस देहरादून के अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं व प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में लंबे समय से पार्टी का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को दिनेश कौशल को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने दिनेश कौशल को प्रदेश अध्यक्ष की ओर से नियुक्ति पत्र सौंपा व उनको पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिला कर बधाई दी।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बागेश्वर (सेवानिवृत कर्नल) डा. सुबोध शुक्ला को विजिलेंस टीम ने पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि शनिवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में विजिलेंस की टीम ने गोपनीय तरीके से छापा मारा। यहां से मिली शिकायत के आधार पर टीम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को घूस मांगते हुए रंगे हाथों पकड़ा।



■ बागेश्वर में विजिलेंस टीम ने सेवानिवृत्त कर्नल डा. सुबोध शुक्ला को छापेमारी के दौरान दबोचा

ट्रैप टीम के अधिकारियों ने बताया जिला सैनिक कल्याण बोर्ड बागेश्वर में पूर्व से कार्यरत कर्मचारी कैलाश पंत के अनुबंध बढ़ाने के एवज में उन्होंने घूस मांगी थी। आरोप है कि कर्नल शुक्ला पीड़ित से 90 हजार की मांग कर रहे थे, लेकिन बाद में मामला 50 हजार में तय हुआ। अधिकारी के व्यवहार से परेशान कार्मिक ने मामले की शिकायत विजिलेंस टीम से की थी। पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन हुआ। टीम शनिवार को गोपनीय तरीके से बागेश्वर पहुंची। यहां उन्होंने रि.कर्नल शुक्ला को रंगे हाथ दबोच लिया। घटना की सूचना फैलते ही पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। बताया जा रहा है कि अभियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बागेश्वर सुबोध शुक्ला (सेवानिवृत कर्नल) मूल निवासी ग्राम रामपुर, पो. बिरसिंघपुर, पाली, बांधीगढ़ जिला उमरिया, मध्य प्रदेश हाल निवासी गैस्ट हाउस, सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय परिसर बागेश्वर में रहते थे। उनके खिलाफ शिकायतकर्ता से 50,000 रूपए रूपये रिश्वत लेने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# खनन में राजस्व वृद्धि दुष्प्रचार करने वालों के मुंह पर तमाचा: भट्ट



■ कहा - ईमानदारी और पारदर्शी नीति बनाकर धामी सरकार ने कुशल प्रबंधन किया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी को सीएम धामी की पारदर्शी नीतियों और कुशल प्रबंधन का नतीजा बताया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस उपलब्धि को उन लोगों के मुंह पर भी करारा तमाचा बताया जिन्होंने सत्ता में रहते खनन को हमेशा लूट का जरिया बनाए रखा था। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में प्रदेश, राजस्व वृद्धि को लेकर शानदार उपलब्धि हासिल कर रहा है। घपले, घोटाले, माफियागिरी और अवैध गतिविधियों के लिए कुख्यात खनन क्षेत्र, आज एक बड़ी राजस्व उपलब्धि में तब्दील हो गया है। कभी लाख प्रयासों के बाद भी सरकार का आंकड़ा 300, 3500 करोड़ से नीचे ही रहता था। वहीं आज खनन राजस्व का यह आंकड़ा 3 गुने से पार चला गया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए विगत 3 वर्षों में गुड गवर्नेंस और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सीएम धामी ने दिया है। अन्य क्षेत्रों की तरह खनन में भी ईमानदारी और पारदर्शी नीति बनाकर उसका कुशल प्रबंधन किया गया। जिससे खनन में घोटालों, दलाली, और माफिया संस्कृति पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने वो दौर भी देखा है जब कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपनी सरकार बचाने किए संसाधनों की लूट का लाइसेंस देते नजर आए थे। खनन माफिया प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों पर हमले करते थे, साथी माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए मां गंगा को स्क्रैप कैनल घोषित कर दिया था।

उन्होंने खनन को अवैध धंधा बनाए रखकर अपनी अपनी अपनी झोली भरने में लगे रहते थे। नतीजा यह रहता था कि प्रदेश के राजस्व को चूना भी लगता था और आम आदमी की निर्माण लागत भी बहुत बढ़ जाती थी। उन्होंने कहा कि खनन की यह उपलब्धि नकारात्मक और स्वार्थ सिद्धि की राजनीति करने वाली कांग्रेसी सोच पर करारी चोट है। धामी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के साथ आम लोगों के लिए भी बहुत मददगार साबित हो रहे हैं।

### घर से लापता नाबालिग को मुंबई से पुलिस ने किया बरामद

**देहरादून (शाह टाइम्स संवाददाता)।** घर से नाराज होकर नौकरी की तलाश में लापता हुई नाबालिग को दून पुलिस ने मुंबई से बरामद कर उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने तुम पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। क्षेत्राधिकार मनोज असवाल ने बताया कि थाना राजपुर पर लापता हुई नाबालिग लड़की के परिजनों ने आकर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है जिसे उनके द्वारा काफी ढूढ़ने का प्रयास किया गया पर वह नहीं मिली। तहरीर के आधार पर थाना राजपुर रिपोर्ट दर्ज की गई। नाबालिग के घर से कहीं चले जाने की घटना की गम्भीरता के चलते नाबालिग की सकुशल बरामदगी के लिये पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा नाबालिग के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुये जानकारियाँ एकत्रित की गयी साथ ही आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते हुये मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से भी नाबालिग की खोजबीन के प्रयास करते हुये मुखबिर तन्त्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर नाबालिग को बोरीवली, मुंबई से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में नाबालिग द्वारा बताया गया कि वह अपने परिजनों से नाराज होकर नौकरी की तलाश में मुम्बई चली गयी थी। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया।

# उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित

■ कैलाश रावत बने अध्यक्ष व अंकित कुमार महामंत्री पद पर विजयी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ (मुख्यालय) की नई कार्यकारिणी के वर्ष 2025-26 का गठन हो गया है। नई कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत एवं महामंत्री पद पर अंकित कुमार विजयी रहे हैं। इसके लिए शनिवार को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सूचना विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में संघ के चुनाव संपन्न कराये गये। सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार, रामसिंह परजोली की देखरेख में संघ के चुनाव संपन्न हुए।

### ये रही नई कार्यकारिणी

चुनाव नतीजों को घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत (52 मत), उपाध्यक्ष पद पर संयुक्त रूप से प्रशांत रावत एवं संजय कुमार (34-34 मत), महामंत्री पद पर अंकित कुमार (51 मत), संयुक्त मंत्री पद पर पारुल, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार धीवान, संगठन मंत्री पद पर सत्येंद्र बिजल्वाण (45 मत), संयोजक व ऑडिटर पद पर अरुण कुमार, प्रचार मंत्री पद पर बहादुर सिंह कन्याल विजयी घोषित किए गए हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बालम सिंह नगरकोटी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। जीत से पिछड़ने वालों में अध्यक्ष पद पर मनोज शुक्ला को 17 मत, महामंत्री पद पर चेतन पांडेय को 18 मत, संगठन मंत्री पद पर नरेंद्र सिंह सजवाण को 24 मत प्राप्त हुए।

**विभाग के पुनर्गठन की मांग**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत ने कहा कि नई कार्यकारिणी द्वारा सभी साथियों का धन्यवाद करते हुए, एक स्वर में संकल्प लिया गया कि विभाग के पुनर्गठन सहित विभागीय कार्मिकों से संबंधित मुद्दों पर कार्यवाही किये जाने हेतु उच्च स्तर पर वार्ता की जायेगी। जल्द ही एक मांग पत्र तैयार कर उच्चाधिकारियों को दिया जायेगा। नव निर्वाचित महामंत्री अंकित कुमार ने कहा कि विभागीय हित में ठोस कार्ययोजना तैयार कर इस बात पर जोर दिया जायेगा कि जनपदीय कार्यालयों में ढांचा बढ़ाया जाय।

# भाजपा पंचायत चुनाव के लिए तैयार: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कहा कि प्रदेश मे पंचायत चुनावों को लेकर संगठन पूरी तरह तैयार है। पंचायत चुनाव मे निकायों की भांति भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय में पंचायत तैयारियों को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि इस बार हम सभी जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अधिकांश क्षेत्र प्रमुख सीटों पर जीत दर्ज करने वाले हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा संगठन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की तीसरी सरकार बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। पार्टी और उसके देवतुल्य कार्यकर्ता वर्ष में 365 दिन जनता के बीच सक्रिय रहते हैं।



■ निकायों की भाँति मिलेगी बड़ी जीत

पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में हमारी केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार बेहद शानदार कार्य कर रही है। इसी तरह हाल में हुए निकाय चुनावों में प्रचंड जीत के बाद शहरी क्षेत्रों में एक और इंजन इसमें लग गया है।

अब मौका है ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में तीसरा इंजन पंचायत चुनाव में जीत दर्ज कर लगाने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियां और संगठन की सक्रियता पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत का भरोसा देती है। चुनाव की तिथि जब भी घोषित होंगी भाजपा का परचम लहराना तय है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार प्रदेश की सभी जिला पंचायत अध्यक्ष और अधिकांश क्षेत्र पंचायत सीटों पर पार्टी उम्मीदवार, जनता के आशीर्वाद से रिकॉर्ड जीत दर्ज करेंगे। चौहान ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में भाजपा लगातार कार्य कर रही है। पंचायतों मे धामी सरकार मे हुए विकास कार्यों से जनता उत्साहित हैं।

# राज्य में 'जियोथर्मल ऊर्जा नीति' शीघ्र होगी लागू : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि राज्य में पर्यटकों को साहसिक पर्यटन, इको टूरिज्म और हाई-एंड टूरिज्म के माध्यम से आकर्षित करने के लिए वृहद नीति बनाकर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में "जियोथर्मल ऊर्जा नीति" शीघ्र लागू किया जायेगा।



उत्तराखंड में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित "सतत एवं समावेशी विकास" पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी अर्थात "ग्रोस एनवायरमेंट प्रोडक्ट इंडेक्स" जारी करने की शुरुआत की है, इसके आकलन द्वारा अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के मध्य बेहतर सामंजस्य स्थापित हो सकेगा।राज्य में "मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना" प्रारंभ की गई है। इस योजना के लाभार्थी प्रतिमाह एक लाख रूपए से अधिक की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

### हरीश रावत ने स्व. ओझा को दी श्रद्धांजलि

**पिथौरागढ़ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शनिवार को पिथौरागढ़ के दौरे पर रहे। हरीश रावत ने स्व. कैलाश चंद्र ओझा को भी श्रद्धांजलि दी। हरीश रावत ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिथौरागढ़ में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक स्व. चारु चंद्र ओझा के आवास पर उनके भाई स्व. कैलाश चंद्र ओझा की कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था, उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं उनके परिजनों से भेंट कर उनकी कुशल-क्षेम पूछी और स्व. चारु चंद जी की बहू को सम्मानित किया तथा उन्हें अपनी पुस्तक मेरा जीवन लक्ष्य उत्तराखंडियत भेंट की।

# एसजीआरआरयू में संस्कृत भाषा में भी लिखी जाएंगी नाम पट्टिकाएं

■ श्रीमहंत इन्दिरेश अस्पताल में बनेगा मंत्र चिकित्सा केन्द्र ■ संस्कृत के विद्धवतजन संस्कृत के मंत्रों से असाध्य रोगियों को प्रदान करेंगे हीलिंग टच

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** संस्कृत प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के विभागों की नाम पट्टिकाएं संस्कृत भाषा में भी लिखी जाएंगी। नाम पट्टिकाओं पर विभाग का नाम सबसे ऊपर संस्कृत भाषा में, फिर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेजी में लिखा जाएगा।





श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने संस्कृत भाषा को प्रचारित प्रसारित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कार्य में उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा विभाग श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय को सहयोग करेगा। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब का नाम श्रीगुरुरामराय-दरबारसाहिब:, झण्डासाहिब: देहरादूनम् लिखा जाएगा श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल का नाम श्रीमहन्तइन्दिरेश-चिकित्सालय:,चिकित्सा एवं अनुसंधानकेन्द्रम्, देहरादूनम लिखा जाएगा।

शनिवार को दीपक कुमार गैरोला- सचिव, संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन, उत्तराखंड शासन ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन एवम् श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के साथ मुलाकात की व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों के मध्य कई महत्पूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही साथ उन्हें उत्तराखंड सरकार के कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा प्रकाशित मेरी योजना पुस्तकें भेंट कर सरकार की योजनाओं को श्री दरबार साहिब एवं श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के माध्यम से भी प्रचारित- प्रसारित करने का अनुरोध किया।महाराज ने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त स्कूलों द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेरी योजना पुस्तकों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के प्रचार- प्रसार में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### राज्यपाल को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**काशीपुर।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान कार द्वारा यहां दोपहर 2 बजे मंडी विश्राम गृह पहुंचे। यहां जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अल्प विश्राम के बाद राज्यपाल ने 3.15 बजे काशीपुर से कार द्वारा राजभवन नैनीताल के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर एसपी निहारिका तोमर, एडीएम पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, सीएस चौहान, सओ दीपक सिंह, आरडी मठपाल, तहसीलदार सुभांगनी आदि मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन लागों को गिरफ्तार उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर दोनों का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडेश्वरी पुलिस ने गश्त के दौरान मालवा फार्म रोड पर खण्डरनुमा मकान के पास से कच्ची शराब बेच रहे ग्राम रम्पुरा निवासी पन्टू सिंह उर्फ काका पुत्र गुरमुख सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लीटर शराब बरामद की। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट, एसआई संतोष देव. रानी, कांस्टेबल मुकेश कुमार व किशोर फर्त्यालय शामिल रहे। इसी तरह कुंडा थाना पुलिस ने भी ग्राम दादूवाला/सन्यासियेवाला को जाने वाली सड़क से चैकिंग के दौरान बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 79 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। आरोपियों ने अपना नाम चरन सिंह उर्फ चिंटू पुत्र गुरदीप सिंह व चरन सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम कलियावाला जसपुर बताया। पुलिस टीम में एसआई सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल राजकुमार, हेमंत कुमार, भोलानाथ शामिल रहे।

### नए मनोनीत पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**काशीपुर।** भरतपुर मेघावाला मंडल 62 विधानसभा जसपुर भाजपा मंडल में हाल ही में नामित सभी पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा और अनुशासन के प्रति निष्ठावान रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। ब्लॉक प्रमुख गुरताज भुल्लर ने अपने निवास/कार्यालय पर सभी मनोनीत कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र एवं फूलमालाएं पहनकर स्वागत किया और मिलजुलकर कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गढ़ीनेगी सचिन बाठला, सांसद प्रतिनिधि रूपेश बाठला, राजू ठाकुर, लक्ष्मी भंडारी, सुरेश लोहिया, अनुज शर्मा, हरप्रीत सिंह, सतपाल सिंह, पुनीत बाठला, कंचन देवी, अंकुर जाटव, नवल सिंह, दीपक गिरी, चरणजीत सिंह, जितेंद्र यादव, भास्कर तिवारी, हरदीप सिंह इत्यादि ग्रामवासी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हैलीपैड बनाने के लिए किया पत्राचार

**बागेश्वर।** मेहनरबूंगा के पास खाली स्थान में हेलीपैड बनाए जाने को लेकर चेयरमैन में शासन प्रशासन को पत्राचार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गरुड़ से हैली सेवा चल रही है। हैलीपैड बनने के बाद बागेश्वर से भी शुरू कराई जा सकती है। नगर पालिका के चेयरमैन सुरेश खेतवाल ने नगर पालिका क्षेत्र के वेणीमाधव वार्ड में सरयू नदी के में मध्य में पड़ी करीब 20 से 30 नाली राज्य सरकार की रिक्त भूमि में हैलीपैड, ओपन पार्क, मिनी स्टेडियम के लिए उपयुक्त बताते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि उक्त भूमि कई वर्षों से बंजर पड़ी हुई है। वर्तमान में सरयू व गोमती नदी के तेज बहाव से भूमि कटाव भी हो रहा है। जिससे भूमि का नुकसना भी हो रहा है। उन्होंने शीघ्र उक्त भूमि को उपयोग ने लाने की मांग की है।

### रैली निकाल यातायात नियमों की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान शुरू हो गया है। शनिवार को पुलिस, परिवहन विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा अभियान के तहत बाइक रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। नगर के आरसीएम मॉल से सीओ गोपाल दत्त जोशी और आरटीओ प्रवर्तन अनीता चंद ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली माल रोड, टैक्सी स्टैण्ड, लिंक रोड, जलाल तिराहा, बेस तिराहा, करबला होते हुए वापस रघुनाथ सिटी मॉल पर रैली का समापन किया गया। यहां एआरटीओ रश्मि भट्ट, निरीक्षक जानकी भंडारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात दरबान सिंह मेहता, एसएसआई अजेन्द्र प्रसाद, एसआई सुमित पांडे, एसआई धरम सिंह रहे।

### पुरानी पेंशन बहाल करने समेत उठाई अन्य मांगें

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की शनिवार को नगर के शक्ति सदन में बैठक आयोजित की गई। मौके पर अभियंताओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुरानी पेंशन बहाल करने, मेट व बेलदारों के रिक्त पदों को भरने, गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने, समस्त अभियांत्रिक विभाग में समान नियमावली लागू करने, फील्ड कर्मचारियों को बायोमैट्रिक में छूट देने, नव नियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं का प्रशिक्षण शीघ्र शुरु करने समेत अन्य की मांग की गई। साथ ही मंडल अध्यक्ष कुमाऊं इं. एसएस डंगवाल को भावभीनि विदाई देते हुए सम्मानित किया गया। यहां जिलाध्यक्ष इं. दीपक मटियाली, सचिव इं. प्रफुल्ल जोशी, मंडल सचिव ललित शर्मा समेत तमाम अभियंता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में भेजे डेढ़ करोड़ रुपये

## मेयर दीपक बाली ने सांसद से की 200 बेड के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल को111 करोड़ रुपये की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट और विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज पाल तथा महापौर दीपक बाली ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सबके लिए आवास (शहरी) योजना के 322 लाभार्थियों को नवनिर्माण के अंतर्गत मुख्यमंत्री से प्राप्त 1 करोड़ 50 लाख 56 हजार की धनराशि संबंधित लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है।




पाकिस्तान को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया गया उससे सिद्ध हो गया है कि पीएम मोदी के रहते देश पूरी तरह से सुरक्षित हाथों में है। महापौर दीपक बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री का जितना प्रेम खटीमा से है उतना ही प्रेम उनका काशीपुर वासियों से है। श्री बाली ने सांसद श्री भट्ट को सभी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय के अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ढंग से बनाए जाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया और कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 65 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी जो विस्तृत अस्पताल की मूल अवधारणा के विपरीत होने के कारण लंबित है, जबकि काशीपुर क्षेत्र में राजकीय अस्पताल की भूमि पर चार मंजिला अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण 200 बेड के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल हेतु 111 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। अतः आपसे अनुरोध है कि 65 करोड़ की राशि के अतिरिक्त होने वाले 46 करोड़ की स्वीकृति हेतु अपने स्तर से यथायोग्य प्रयास करने का कष्ट करें। संचालन राहुल पैगिया द्वारा किया गया। वहीं चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, डॉ. यूनुस चौधरी, निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, एसएनए संजय दत्त कापड़ी, कमल सिंह मेहता, पार्षद संजय शर्मा, बीना नेगी, बीना शर्मा, अंजना, सीमा सागर, दीप पाठक, पुष्कर बिष्ट, अनिल कुमार, प्रिंस बाली, अशोक सैनी, रीति नागर, सुधा शर्मा, सीमा चौहान, शाह आलम, कुलदीप, मयंक मेहता, राशिद फारुकी, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### गल्ला दुकानों का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** उप जिलाधिकारी मो. निका ने शनिवार को सस्ता गल्ला की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण में एसडीएम ने दुकानों में लगे बायोमेट्रिक (ई-पॉश) मशीन के उपयोग की जानकारी ली। नगर में उन्होंने कुल 5 दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें तीन दुकानें बंद मिली। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। पूर्ति विभाग को ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन वितरण प्रणाली, वितरण में आ रही समस्याएं, मशीन का प्रयोग आदि को जांचा। हालांकि तीन दुकानें बंद मिलने पर उपजिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समय पर और पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जनता को राशन वितरण में कोई कठिनाई न हो।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाइक मैकेनिक चाचा को पंडित दिखा युवक की शादी का फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर पंजीकरण कराने के मामले में ठाकुरद्वारा के एक परिवार के पांच लोगों पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। कुंडा थाना के ग्राम लालपुर निवासी सचिन कुमार ने अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। बताया 08 अप्रैल 2024 को वह अपने घर से बाजपुर रोड स्थित एक कॉलेज जा रहा था। मुरादाबाद रोड, आकांक्षा मार्बल के पास मोहल्ला फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी प्रिंसी, उसके पिता राजेंद्र सिंह, अजय, अक्षय पुत्र राजेंद्र सिंह व वार्ड नं. एक ठाकुरद्वारा निवासी शशिबाला आए और दवाब बनाकर जबरन अपने साथ ठाकुरद्वारा ले गए। जहां प्रिंसी का उसके साथ फर्जी शादी का प्रमाण पत्र बनाकर विवाह पंजीकरण अधिकारी के यहां पंजीकरण करा लिया। सूचना अधिकार के तहत शादी का पंजीकरण कराते समय लगे सभी दस्तावेज व प्रमाण पत्र मांगे गए। तब पता चला कि आरोपियों ने षडयंत्र रचकर उसके बाइक मैकेनिक चाचा सुरेंद्र सिंह को पंडित बना उनके फोटो लगा शादी का झूठा प्रमाण पत्र बनाया है। इसी आधार पर शादी का पंजीकरण करा लिया। पुलिस से मामले की शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में सुनवाई के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार की अदालत ने काशीपुर कोतवाल को मामले में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## भूपाल बने राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में शनिवार को राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव की सरगर्मी का माहौल रहा। सुबह से ही

**चुनाव के लिए 1258 शिक्षकों ने किया मतदान**

वोटिंग के लिए शिक्षकों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। इस दरमियान 1258 शिक्षकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें भूपाल चिलवाल निर्विरोध अध्यक्ष और जिला मंत्री पद पर राजू महरा ने शानदार जीत दर्ज की। उदय शंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में राजकीय शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी सम्मेलन में शनिवार को



मतदान और उसके बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। संघ की कार्यकारिणी के नौ पदों के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया था।

जिसमें जिला मंत्री के लिए दो दावेदार मैदान में थे। इसमें राजू महरा ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर मदन भंडारी और महिला उपाध्यक्ष पद पर मीनाक्षी जोशी विजयी घोषित हुई। जबकि अध्यक्ष, संगठन मंत्री पुरूष, संगठन मंत्री महिला, आय व्यय निरीक्षक, संयुक्त मंत्री महिला और संयुक्त मंत्री पुरूष पर एक-एक नामांकन होने से इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बल भी तैनात रहा। सुबह शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान पुलिस समेत होमगार्ड के जवान मुस्तैद रहे। अल्मोड़ा में शनिवार सुबह से राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई थी। दिन चढ़ते-चढ़ते मतदान के लिए वोटरों की कतारें लगनी लगी थी। शाम को मतदान खत्म होने तक 1258 शिक्षकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। देर रात चुनाव परिणाम आते ही अल्मोड़ा उदय शंकर नाट्य अकादमी में ढोल नगाड़ों से गूंज उठा था। रात करीब साढ़े नौ बजे से मुख्य सड़क पर ढोल नगाड़े और आतिशबाजी शुरू हो गई थी। वहीं, समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों फूल मालाओं से लाद दिया।

# अधेड़ का अधजला शव मिला

## हत्या-आत्महत्या के पहलुओं पर जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** जवाहर नगर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के कृष्ण विहार कॉलोनी स्थित वार्ड नंबर 11 के एक घर से संदिग्ध अवस्था में अधेड़ की अधजली लाश मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टिया मामले को पारिवारिक संपत्ति विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है। शनिवार प्रातः शांतिपुरी जवाहरनगर स्थित कृष्ण बिहार कालोनी के वार्ड नंबर 11 स्थित मकान से स्थानीय ग्रामीणों को धुंआ उठते हुए दिखाई दिया। ग्रामीणों ने वजह जानने की कोशिश की तो मकान के मुख्य गेट व दरवाजों पर अंदर से ताले लगे थे। जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी। करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम व दमकल की दो गाड़ियों ने मकान में लगी आग को बुझाया। जिसके बाद पुलिस ने मकान के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो वहां दो मंजिले के एक कमरे में एक अधजली लाश मिली। जिसकी पहचान गृहस्वामिनी सुषमा त्रिपाठी के पति सेवानिवृत लालकुआं आंचल दुग्ध डेयरी कर्मी 65 वर्षीय अमर कान्त त्रिपाठी के रूप में हुई। एसएचओ सुन्दरम शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों को सुचित करने के साथ ही फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक ने स्वयं आत्म हत्या की या फिर किसी ने उसकी हत्या की है इस पर पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। मामले में देर साम समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से एफआईआर नहीं लिखी गयी थी। पंतनगर कोतवाल सुन्दरम शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है। लेकिन वास्तविकता की तह तक जाने के लिए पुलिस व फॉरेंसिंक टीमें जांच में जुटी हैं।

### देहरादून में आंदोलन करने की दी चेतावनी

**अल्मोड़ा।** एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन से जुड़े शिक्षकों ने शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर देहरादून में आंदोलन शुरु करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में शिक्षकों ने राज्य के अधीन पदों में एससी एसटी वर्गों के प्रतिनिधित्व के आंकलन के लिए गठित जस्टिस इरशान हुसैन कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, वर्ष 2019 के बाद राज्य के अधीन सेवाओं के लिए बनाए गए रोस्टर से उत्पन्न समस्याएं का निराकरण करने समेत सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक से माध्यमिक तक प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को भरने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में सुभाष, डा. जगदीश, आशीष स्वामी, दिगपाल, गोपाल कोहली, सुशील बाराकोटी आदि थे।

## पीओएस मशीन का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले के गल्ला विक्रेताओं में लंबित मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं से रोष बना हुआ है। शनिवार को पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के बैनर तले गल्ला विक्रेताओं ने माल रोड स्थित आरएफसी गैदाम में प्रदर्शन किया। जल्द मांगों के निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने कहा कि सरकार गल्ला विक्रेताओं पर नए नियम थोप रही है। उन्होंने कहा कि मैदान और पहाड़ की भौगोलिक स्थिति अलग है। कोरोनाकाल में गल्ला विक्रेताओं ने मुफ्त राशन वितरित किया, लेकिन उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले मुफ्त राशन का सात महीने और प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना का नौ महीने से भुगतान बकाया है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण विक्रेता आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि जल्द विक्रेताओं का लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया तो समस्त विक्रेता उग्र आंदोलन को बाध्य होगें। यहां दिनेश गोयल, अभय साह, केसर खनी, सुरेश सांगा, भीमा पवार, नारायण सिंह, विपिन तिवारी, आनंद कनवाल, दीपक साह, नारायण सिंह, पंकज कपिल, हेमा देवी, उमेश सिंह, हरीश अधिकारी, प्रताप बिष्ट, नवीन सुयाल, भवन तिवारी, दीपा भंडारी, आदित्य साह आदि रहे।



# स्टाफ टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्टाफ टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सफल




आयोजन स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में डा. प्रमोद मल्ल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स के साथ-साथ डबल्स में भी विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। सिंगल्स मुकाबलों में पहले सेमीफाइनल में डा. प्रमोद मल्ल ने उमेश कालरा को सीधे सेटों में 21-14, 21-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में डा. अनिल कुमार ने डा. अनुज तिवारी को कड़े संघर्ष में 21-17, 19-21, 21-13 से हराया। फाइनल मुकाबला डा. प्रमोद मल्ल और डा. अनिल कुमार के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। चार सेट तक चले इस फाइनल में डा. प्रमोद मल्ल ने 21-05, 21-09, 23-21 और 21-16 से जीत दर्ज कर सिंगल्स चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। डबल्स मुकाबलों में भी डा. प्रमोद मल्ल और डा. अनिल कुमार की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए डा. भास्कर तिवारी और डा. डीपी सिंह की जोड़ी को 21-16, 21-11, 21-17 से हराकर डबल्स का खिताब जीता। प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं और उपविजेताओं को पूर्व सचिव डा. एनके सिंह, सह-निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी और डा. जीएस बोहरा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिता के संयोजक रजनीश कुमार पांडे, मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी, डा. मंजु जोशी, सचिव योगेश पंत, सुदीश राय, वज़ीर अहमद और शशांक शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** विकास भवन सभागार में शनिवार को समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने छात्रवृत्ति, पेंशन, अटल आवास, विवाह पुरस्कार योजना जैसी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव स्तर तक करने और पंचायत घरों में फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के 95 ब्लॉकों और 105 शहरी निकायों में 200 शिविर लगाए जाएंगे। कुपोषण को लेकर संबंधित विभागों को समन्वय के साथ ठोस योजना बनाने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अनिल गौड़, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सफलतम 8 वर्ष पूरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुरादाबाद रोड पर ढेला नदी के पास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल अपनी स्थापना के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संजीवनी के नवे वर्ष में प्रवेश करने पर कार्यक्रम में क्षेत्र की पहली बेरा मशीन का अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन भावनाओं को लेकर आयुष्मान कार्ड को लागू किया उसे संजीवनी पूरे मानको के साथ लागू कर गरीब व असहाय रोगियों के लिए एक वरदान बना हुआ है। महापौर दीपक बाली ने भी मुख्य अतिथि के रूप में संजीवनी परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी।




इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, एआरटीओ विमल पांडे, कोतवाल अमरचंद शर्मा, संजय नेगी, सायरा बानो, गगन कांबोज, शक्ति अग्रवाल, डॉ. रजनीश कुमार शर्मा, गुरताज सिंह भुल्लर, मुक्ता सिंह, सीमा चौहान सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। संजीवनी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश चावला, राजकुमार गुंबर व मनीष चावला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत कर मेयर दीपक बाली ने दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम सभागार में भाजपा के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों का आह्वान किया कि वह पार्टी की रीति और नीति तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचने



में कोई कसर न छोड़ें और साथ ही जनता की सेवा में भी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सम्मान समारोह में मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, कल्पना राणा एवं बृजेश पाल सहित इनकी कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में दीपेंद्र चौहान, सतनाम सिंह, अजय कुमार, तुलसी बिष्ट, मनोज मनराल, संजीव शर्मा, अजय कुमार चौहान, मनोज जीना, अशोक चावला, अजय सिंधवानी, निखिल सेतिया, कुंदन सैनी, राजीव अरोड़ा बच्चू, वीर सिंह चौहान, यशपाल सिंह, अशोक सैनी, मोहित भारद्वाज, जितेंद्र चौहान, विवेक आदि रहे। वहीं भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, चौधरी समरपाल सिंह, मुकेश चावला, पार्षद सुरेश सैनी, अनिता कांबोज, अनुज मेहरोत्रा, बीना नेगी, संजय भाटिया, संदीप सिंह, मोनू सम्मान कार्यक्रम में शामिल रहे। संचालन जसवीर सिंह सैनी ने किया।

# मीट विक्रेताओं को बजरंग दल का समर्थन

## नगर पालिका में लाइसेंस बदलाव की मांग का ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नगर पालिका क्षेत्र में बिना लाइसेंस के मीट और चिकन की दुकानें खोलने वाले व्यापारियों के पक्ष में बागेश्वर बजरंग दल इकाई के कार्यकर्ता समर्थन में आगे आए। उन्होंने जिन विक्रेताओं को लाइसेंस नहीं दिया गया है, उन्हें नगर पालिका से लाइसेंस दिलवाने की मांग की है। इस मांग को लेकर उन्होंने नगर पालिका के चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर पालिका ने नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल से मिले। उन्होंने चेयरमैन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नगर कई मीट विक्रेताओं की



दुकानें लाइसेंस न होने पर बंद करने के आदेश दिए है। जिसके बाद से वे व्यापारी बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। उन्होंने बंद दुकानों के स्वामियों को भी लाइसेंस देकर अन्य विक्रेताओं की तरह छूट देने की मांग की। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि नगर पालिका का विस्तर होने केबाद वर्ष 2019 में बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था। उस समय ऐसे व्यापारी जो पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आते थे उनकी समस्या को देखते हुए लाइसेंस जारी किए गए थे। लेकिन पिछले 5 वर्षों में कई लोगों ने अपने मन मुताबिक सार्वजनिक स्थानों, रास्तों गाली मोहल्लों में मीट की दुकानें खोली गई है। जनता की शिकायत केबाद पालिका द्वारा उन्हें बंद करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2005 में तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जौहरी के कार्यकाल में बोर्ड में मीट व्यापारियों के सम्बन्ध में प्रस्ताव पास किया गया था। अध्यक्ष ने आने वाले दिनों में व्यापारियों के हितों को देखते हुए स्थाई समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ललित सिंह, विजय परिहार, कुलदीप सिंह, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देनः रौतेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को भैसियाछाना ब्लॉक मुख्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। इसके बाद प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों हरीश जोशी, मनोज बिष्ट, निर्मला एवं गीतांजलि द्वारा विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम की विधियों का कॉमन योग प्रोटोकाल के अंतर्गत सामूहिक अभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है और इसे अपनाकर हम शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने युवाओं एवं कार्मिकों को विशेष रूप से नियमित योग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य संचालक जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. गणेश उपाध्याय ने बताया कि आगामी समय में इस प्रकार के योग कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, ताकि जनसामान्य में योग के प्रति जागरूकता बनी रहे, साथ ही 21 जून को आयोजित किये जाने वाले विश्व योग दिवस का आयोजन अल्मोड़ा जिले में भव्य रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम की नोडल चिकित्साधिकारी डा. मुकेश मोल्फा ने योग को अपने अमूल्य जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. हरीश धर्मशक्तू द्वारा मंच का संचालन किया गया। बीईओ ललित कुमार, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरीश बनौला, डा. प्रभा, नरवदेश्वर प्रसाद विजल्वान, मदन प्रकाश, सुनिता, संतोष शुक्ला, धर्मेंद्र पाठक, नथीराम नौटियाल, गोपाल आगरी, ललित बिष्ट रहे।

# कांग्रेस की 'जय हिन्द' रैली एक जून को

## दिया जाएगा देश की एकता, सैन्य सम्मान और सामाजिक सौहार्द्र के संदेश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 1 जून को आयोजित होने वाली जय हिन्द रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को स्वराज आश्रम में बैठक हुई। कांग्रेस की ओर से यह रैली भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और समर्पण को समर्पित है, विशेषकर हाल ही में सम्पन्न हुए ऑपरेशन सिंदूर में वीर जवानों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस और रणनीतिक सूझबूझ को सम्मानित करने के लिए आयोजित की जा रही है।

बैठक में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सलाहकार गुरदीप सप्पल, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, संगठन महासचिव विजय सारस्वत, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं बल्कि देशभक्ति, एकता और सैनिक सम्मान का प्रतीक बनेगी। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि यह रैली ऐतिहासिक बने। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हमारे सैनिकों का बलिदान अमूल्य है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने जो साहस दिखाया वह प्रेरणादायक है। यह रैली उनके सम्मान में एक श्रद्धांजलि है। गुरदीप सप्पल ने कहा देश की सुरक्षा में लगे हमारे जवानों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। जय हिन्द रैली के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते है कि पूरा देश उनके साथ है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी की जनता हमेशा से देशभक्ति में अग्रणी रही है। हमें गर्व है कि हम इस रैली के माध्यम से अपने सैनिकों को सम्मानित कर रहे हैं। बैठक में रैली की रूपरेखा, आयोजन से जुड़ी तैयारियों और प्रचार-प्रसार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि यह रैली देशभक्ति, एकता और सैनिक सम्मान का एक सशक्त संदेश बनेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, खष्टी बिष्ट, मधु सांगुड़ी सहित कुमाऊं मंडल के सभी जिलाध्यक्ष, पीसीसी सदस्य और फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कमरे में मरा मिला मजदूर

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक मजदूर का शव उसके ही किराए के कमरे में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर पूर्णानंद निवासी (60) इरुल मूलरूप से बिहार का रहने वाला और पेशे से मजदूर था। बताया जा रहा कि वह पिछले कई सालों से इरूल हरिपुर पूर्णानंद में एक किराए के मकान में रहकर यहां पर मजदूरी का काम करता था। जबकि उसकी पत्नी व परिवार के सभी सदस्य बिहार में रहते है। बताया जाता है कि शनिवार जब तक देर तक इरुल के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो लोग वहां पहुंचे। आवाज लगाने के बावजूद जब अंदर से आवाज नहीं आई तो सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर प्रवेश किया तो इरुल पड़ा हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषति कर दिया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही पता चल पायेगा।

# आंदोलन का बिगुल फूकेंगी रोडवेज कर्मचारी यूनियन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कुमाऊं क्षेत्र के पदाधिकारियों ने शनिवार को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन कैंप कार्यालय में बैठक की और उसके बाद स्टेशन परिसर पर निगम प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट की अध्यक्षता और क्षेत्रीय महामंत्री मन्दिर सिंह के संचालन में बैठक में सभी डिपो के कर्मचारियों से सुझाव मांगे गये। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि निगम प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो यूनियन जल्द आंदोलन का बिगुल फूकेंगी। वक्ताओं ने कहा कि महीने खत्म होने की कगार पर है लेकिन नियमित कर्मी का वेतन का भुगतान नहीं हुआ। वहीं परिवहन निगम की बसों का अभी तक टेंडर नहीं हुआ है। उन्होंने विशेष श्रेणी-संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करने, नैनीताल मंडल के सभी डिपो/स्टेशन से डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने, नियमित कर्मचारी की तरह विशेष श्रेणी/संविदा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का 4 प्रतिशत का लाभ देने, ऑनलाइन बसों की संख्या को कम करने, डिपो में स्पेयर पार्ट्स के अभाव को दूर करने, ढाबो का अनुबंध के आधार पर निरीक्षण करने, एसीपी का लाभ सभी डिपो के कर्मचारियों देने की मांग की। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष जलील अहमद, नितिन दीक्षित, नवीन लोहनी, सुनील बिष्ट, किशोरी लाल, कैलाश कांडपाल, धर्मपाल कंबोज, कौशल यादव, धीरज गुप्ता, मो. साजिद अली, राम प्रकाश यादव, इकबाल अहमद, योगेश जोशी, मो. शाहिद, रंजीत सिंह, इकबाल अहमद, चिमन लाल, राजेंद्र सिंह, जावेद हसन, मो. हारून, प्रदीप शर्मा, राजवीर सिंह, तरनजीत सिंह, रूप कुमार, सुमन कुमारी सहित विभिन्न डिपो के कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण-रुक्मणी का विवाहोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमलुवागांजा स्थित माँ कांगड़ा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण श्रवण किया। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का विशेष वातावरण रहा। कथा व्यास पं. ललित पांडे ने कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में आत्मकल्याण का मार्ग केवल सत्संग, भागवत श्रवण और भजन की साधना है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने जो धार्मिक परंपराएं जनकल्याण के लिए स्थापित की थीं, उन्हें जीवन में अपनाना और अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में जिधर सिंह बिष्ट (बाराही कालोनी), रिटायर्ड कैप्टन सोबन सिंह भड़, महेश भट्ट, गोपाल सिंह रूपवाल, त्रिलोक शाही और रिटायर्ड कैप्टन मनोहर सिंह नेगी मौजूद रहे।

# आयुक्त ने मौके पर सुलझाई समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अपने कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की समस्याओं को सुना और

**■जनसुनवाई में भूमि, पारिवारिक विवादों का निपटारा**

कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण और सड़क से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से सामने आईं। इसके साथ ही विगत मई माह में पत्रकारों के हुए लिफ्ट हादसे की शिकायत पर आयुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिये थे। उक्त के संबन्ध में



शनिवार को लिफ्ट संचालक एवं भवन स्वामी के द्वारा बताया कि लिफ्ट का संचालन मानकों के अनुसार कर दिया है और लिफ्ट में सिक्योरिटी गार्ड के साथ ही लिफ्ट में क्षमता का अलार्म भी लगा दिया है। आयुक्त श्री रावत ने कहा कि इस प्रकार की पुनर्रावृत्ति भविष्य में ना हो इसके लिए समय-समय पर मानिटरिंग भी की जाए। वहीं दूसरी ओर राधा पाण्डे निवासी मुखर्जी नगर जगतपुरा ने बताया कि उनके भूखण्ड को बाईपास के लिए अधिगृहण किया गया लेकिन उनको जो मुआवजा दिया गया मौजूदा सर्किट रेट के अनुसार नहीं दिया गया। आयुक्त ने भू-आधिपत्य अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि पटवारी (राजस्व उपनिरीक्षक) द्वारा दाखिल खारिज के समय जो प्रतिवेदन लगाई जाती है उनमें काफी खामियां होती हैं। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज में प्रतिवेदन लगाते समय भलीभांति अभिलेख एवं भू-खण्ड का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही सही रिपोर्ट लगायें, उन्होंने कहा जानबूझ कर गलत प्रतिवेदन लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया।

# ट्रेन से लाखों की चोरी जेवर लेकर चोर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चलती ट्रेन में सफर कर रही महिला के लाखों रुपये के जेवर चोर पार कर ले गए। महिला को वारदात की भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी काठगोदाम ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शातिर चोरों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, ऊधमसिंह नगर जिले के गूलरभोज के संतोष नगर निवासी अनीता 17 मई को अपने बेटे के साथ बरेली जाने के लिए गूलरभोज रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां से वह ट्रेन संख्या 55308 काशीपुर-कासगंज पैसेंजर में सवार हुई। अनीता ने अपना ट्रॉली बैग बर्थ के पास ऊपर रख दिया और खुद कोच के दूसरी ओर सीट पर बैठ गईं। जब ट्रेन सिडकुल हॉल्ट पर पहुंची, तो उन्होंने बैग चेक किया तो देखा कि उसमें रखे सोने के दो हार, एक जोड़ी झुमके, दो जोड़ी चूड़ियां और एक जोड़ी कंगन गायब हैं। महिला के मुताबिक बैग पूरी तरह बंद था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर बेहद शातिर थे और सफर के दौरान ही मौका देखकर चोरी को अंजाम दे गए। जीआरपी काठगोदाम थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि अनीता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।

# जर्जर सड़कें दे रहीं हादसों का दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले नौ माह से सीवर लाइन बिछाने के बाद से टूटी पड़ी

**■पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन**

सड़कों को दुरूस्त करने व पेयजल किल्लत की समस्याओं को लेकर गांधीनगर वार्ड-27 के पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने लोनिवि व जलसंस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शनिवार को गांधीनगर वार्ड-27 के लाइन नंबर-16 में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को लेकर



स्थानीय पार्षद के रोहित कुमार की अगुवाई में दर्जनों लोग एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 9 महीनों से सीवर लाइन बिछाने के बाद क्षेत्र की सड़कें टूटी पड़ी हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही जर्जर सड़कों व गड्डों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि इस बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के कारण वहां के बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, गर्भवती महिलाओं को आवागमन में कठिनाइयां और बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने बताया इसके साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट भी गहराया हुआ है, लेकिन पेयजल निगम और लोक निर्माण विभाग उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कई बार वार्ड की समस्याओं को लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करा चुके है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही वार्ड की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो वह क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालो में नदीम, कामरान, परवेज़, सोनू, तस्कीन, सलीम, फईम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पर्यटकों से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** वीकेंड के चलते शनिवार को अन्य दिनों की तुलना में नैनीताल में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली। लंबे समय के बाद नगर में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से पर्यटन कारोबारियों को भी थोड़ी राहत मिली। देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों के बाद देश के विभिन्न शहरों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद हो जाएंगे, उसके बाद से नगर में और भीड़-भाड़ बढ़ेगी। पर्यटकों ने नगर की बाजारों से खूब खरीददारी की। पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने की वजह से यातायात पुलिस को भी यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के खूब पसीना बहाना पड़ा।

# पत्रकारिता दिवस पर होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी की एक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष

**■प्रेस क्लब हल्द्वानी लगवाएगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

संजय तलवाड़ द्वारा की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 मई को प्रेस क्लब परिसर में पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी जैसी जांचें मुफ्त में की जाएंगी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान समाज में



उल्लेखनीय कार्य कर रही 7 महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक का संचालन क्लब के महामंत्री रवि दुर्गापाल ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बैठक में संरक्षक तारा चंद्र गुर्रानी, सुनील तलवाड़, मनोज तलवाड़, गोपाल जोशी, अनुपम गुप्ता, सुशील शर्मा, एम. हसनैन, प्रवीण चोपड़ा, कमल जोशी, गिरीश गोस्वामी, अनुराग वर्मा, दीपक भंडारी, सलीम खान, संतोष भट्ट, प्रशांत श्रोतिया, जया जोशी, तारा टकवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# एसटीएच की अव्यवस्थाओं पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा संघर्ष समिति ने संयोजक उवैस राजा के नेतृत्व में शुक्रवार को डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) की अव्यवस्थाओं को लेकर गहरा

**■मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन**



आक्रोश व्यक्त किया और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में उवैस राजा ने कहा कि कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद एसटीएच में हार्ट स्पेशलिस्ट (कोर्डियोलॉजिस्ट) तक उपलब्ध नहीं है, जिससे गंभीर हृदय रोगियों को दिल्ली या ऋषिकेश रेफर किया जाता है। उन्होंने मांग की कि अस्पताल में जल्द से जल्द कोर्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा, उन्होंने रात 12 बजे के बाद जूनियर डॉक्टरों के कथित अभद्र व्यवहार पर चिंता जताते हुए कहा कि मरीजों के साथ संवेदनशीलता से पेश आने के लिए व्यवहारिक और अनुभवी डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई जाए। संघर्ष समिति ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और रक्त जांच की दरों में आई वृद्धि को वापस लेने और उन्हें पुराने दर पर करने की मांग की। साथ ही गायनी विभाग और न्यूरो सर्जन विभाग की व्यवस्था को भी बेहतर करने की आवश्यकता बताई। प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और जल्द ही आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# वट सावित्री व्रत कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय पतिव्रता नारियों की आदर्श प्रतीक सावित्री की पुण्य स्मृति में मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत इस वर्ष 26 मई सोमवार को रखा जाएगा। यह व्रत अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु तथा पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। इसी दिन दर्श अमावस्या भी है, जिसमें पितृ कार्य संपन्न किए जाएंगे। अगले दिन 27 मई को शनि जयंती के अवसर पर प्रातः स्नान-दान और देव कार्य संपन्न होंगे। उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष अमावस्या तिथि का आगमन 26 मई को दोपहर 12:12 बजे हो रहा है, जो 27 मई को प्रातः 8:31 बजे तक रहेगी। शास्त्रानुसार, अमावस्या तिथि मध्यान्ह व्यापिनी होने के कारण वट सावित्री व्रत का पूजन 26 मई की दोपहर में करना शुभ रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष वृषभ, कन्या एवं मकर राशि के नवविवाहित दम्पत्तियों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि इस समय चन्द्रमा इन राशियों के लिए प्रतिकूल स्थिति में है। वहीं, अविवाहित कन्याओं के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना गया है। यदि वे यह व्रत संकल्पपूर्वक करें, तो उन्हें योग्य जीवनसाथी मिलने की सम्भावना प्रबल होती है। वहीं, पंडित तिलक कांडपाल ने बताया कि इस दिन बरगद के वृक्ष का पूजन विशेष महत्व रखता है। यदि उपयुक्त स्थान पर बरगद का पौधा लगाकर उसकी उचित देखभाल की जाए, तो यह आर्थिक व पारिवारिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। बरगद की जड़ को पीले कपड़े में बांधकर घर में स्थापित करने तथा निर्धन सौभाग्यवती महिलाओं को श्रृंगार सामग्री का दान करने से परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि आती है।

# इंदिरानगर में पाइपलाइन का काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के इंदिरा नगर वार्ड-32 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में



एक बड़ी पहल करते हुए शनिवार को पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया। यह कार्य 10 लाख रुपये से अधिक की लागत से किया जा रहा है, जिसे विधायक सुमित हृदयेश द्वारा विधायक निधि से स्वीकृत किया गया है। बता दें कि पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी और क्षेत्र की पार्षद फाईम ज़ेबा सलमानी ने क्षेत्र की जल समस्या को लेकर शहर विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया था। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने बताया कि आज शनिवार से शुरू हुए कार्य में इंदिरा नगर बरसाती क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे वार्ड के हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं जल संस्थान के सहायक अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार तथा बनभूलपुरा के जूनियर इंजीनियर मौके पहुंचकर कार्य की निगरानी की। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक सुमित हृदयेश और जल संस्थान का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी, सबरी मस्जिद के सदर मोहम्मद नबी, निजामुद्दीन सलमानी, सब्बू अहमद, शरीफ अहमद, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) शनिवार को ग्रीष्मकालीन प्रवास पर राजभवन नैनीताल पहुंचे। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से मंडल एवं जिले के विकास कार्यों सहित कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी भी ली। राजभवन पहुंचने पर आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# किसान नेताओं को जनसंपर्क से रोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 27 मई को हल्द्वानी के बुधपार्क में बागजाला गांव की पेयजल, सड़क और विकास कार्यों की मांग को लेकर आयोजित होने वाली चेतावनी रैली के प्रचार के दौरान शुक्रवार को बागजाला गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं को पुलिस द्वारा जनसंपर्क अभियान से रोकने की घटना सामने आई है। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी और डा. कैलाश पांडेय सहित संगठन के स्थानीय कार्यकर्ता शुक्रवार को बागजाला गांव में पर्चा वितरण और जनसंपर्क अभियान के तहत भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ के जवान वहां पहुंचे और नेताओं से बैनर व प्लेकार्ड हटाने, नारेबाजी बंद करने और प्रचार रोकने को कहा। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि गांव में इस तरह का प्रचार नहीं किया जा

**■किसान महासभा ने पुलिस पर उठाए सवाल**

सकता, जबकि किसान नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। डा. कैलाश पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस से इस रोक का कारण पूछा, तो उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने धमकी भरे लहजे में वीडियो बनाने, नाम-पता नोट करने, बैकग्राउंड चेक करने और मुकदमा दर्ज करने की बात कही। पुलिस बल कथित तौर पर गांव में किरायेदारों के सत्यापन अभियान के लिए पहुंचा था, लेकिन किसान नेताओं का आरोप है कि इस अभियान की आड़ में लोकतांत्रिक गतिविधियों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में घूमकर लोगों को रैली की जानकारी देना न तो अपराध है, न ही कानून का उल्लंघन। किसान महासभा ने सवाल उठाया है कि क्या नैनीताल जिले के बागजाला गांव में धारा 144 लागू है, या फिर पुलिस अब जन आंदोलन को दबाने के लिए राजनीतिक कैडर की तरह व्यवहार कर रही है। संगठन ने नैनीताल एसएसपी से इस पूरे घटनाक्रम पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है।

# इंस्पिरेशन में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई की ओर से इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में




आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन रक्षिता साह एवं अंकित जायसवाल ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषय की महत्ता, शीर्षक की उपयोगिता एवं विषय की अवधारणा को स्पष्ट करना सिखाया। इसके अतिरिक्त कक्षा में प्रबंधन किस प्रकार किया जाए, उसे रोचक गतिविधियों जैसे रोल-प्ले, विषय प्रस्तुतिकरण एवं प्रॉप्स का उपयोग करके सिखाया गया। इससे पहले कार्यशाला का प्रारम्भ प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य ममता तनेजा व सीबीएसई रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अंत में प्रधानाचार्य माथुर ने विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वन विभाग ने हटाया अतिक्रमण

**ग्राम शिवनाथपुर में 15 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर के ग्राम शिवनाथपुर से वन विभाग ने अतिक्रमण हटाया है।

डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी जसपुर, उप प्रभागीय वनाधिकारी वन सुरक्षा बल के नेतृत्व में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के सभी रेंजो के वन क्षेत्राधिकारी मय राजस्व विभाग, पुलिस बल, सहित वन विभाग के कार्मिकों एवं अधीनस्थ स्टाफ के सहयोग से शिवनाथपुर स्थित कुमुगडार आरक्षित वन क्षेत्र में रह रहे वन गुजरों द्वारा अनधिकृत रूप से उपयोग में लाई गई वन भूमि को खाई खोदकर जुताई कर शान्तिपूर्वक विभाग के कब्जे में ली गई।

डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि कार्यवाही में लगभग 15 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। उन्होंने बताया कि वह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी, एसडीओ मनीष जोशी, रेंजर जेपी डिमरी, रेंजर पुरन सिंह खनायत, रेंजर देवेंद्र सिंह रजवार, रेंजर विजेन्द्र अधिकारी मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक बने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में शनिवार को अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के तत्वाधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर तक निकाली गई। यात्रा में अधिवक्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के समापन पर वीर सैनिकों की आत्मा की शांति एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की। यहां अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष डीडी गुणवंत, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे, संजय सिंह, बरीत सिंह, अनीता सक्सेना, दुर्गेश मोहन शर्मा, सुबेग सिंह, सुशीला मेहता, संजीव फोगाट, सुभाषनी द्विवेदी आदि मौजूद थे।

# घर के पीछे जंगल में मिला महिला का अधजला शव

**क्षेत्र में हड़कंप, बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** घर के पीछे लगे जंगल में जहां एक महिला का अध जला शव पाए जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया तो वहीं उसके बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्रामसभा चारूबेटा में नई बस्ती के पीछे स्थित जंगल में ग्रामीणों ने पेड़ के नीचे एक महिला का अधजला शव देखा जिसकी शिनाख्त अनीता पत्नी सुरेश निवासी नई बस्ती चारू बेटा खटीमा के रूप में हुई।

मृतका अनीता शनिवार की सुबह घर पर नहीं थी तभी उसके बच्चों ने घर के आस पास अपनी मां की पूछताछ की और बच्चे अपने घरेलू काम में लग गए। वहीं मामले में अनीता की नन्द और नन्द की सहेली का कहना है कि बच्चों से उनकी मां के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उनकी मां रात से ही घर पर नहीं है। तभी मृतका की नंद ने अपनी सहेली व ग्रामीणों के साथ अनीता की खोजबीन शुरू कर दिया।

आपको बता दें कि अनीता के घर के पीछे से जंगल लगा हुआ है। परिजनों तथा ग्रामीणों के काफी खोजबीन के कुछ देर बाद घर के पीछे जंगल में एक पेड़ के नीचे अनीता का अधजला शव पाया गया। वहीं ग्रामीणों तथा परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली खटीमा को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

घटना कैसे हुई अभी इस बात का सुराग नहीं लग पाया है। फिलहाल पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। मृतका अनीता अपने पीछे अपनी नौ साल की बेटी रिया, सात साल का बेटा आयुष तथा तीन साल की बेटी नव्या को रोते-बिलखते छोड़ गई है।

## एक नजर

### पंचायत निर्वाचक नामावलियों को पोर्टल पर किया अपलोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिये पंचायत निर्वाचक नामावलियों में नाम खोजने की सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के मतदाता सूची पोर्टल secvoter.uk.gov.in पर उपलब्ध करा दी गई हैं।

पंचायतों के मतदाता अपना नाम आयोग के उक्त पोर्टल पर ''पंचायत मतदाता खोजे'' पर क्लिक कर खोज सकते है। आयोग द्वारा घर-घर जाकर कराए गए विस्तृत पुनरीक्षण के अनुसार 17 जनवरी 2025 को अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं के नाम खोजे जा सकते है, जिन मतदाताओं के नाम कतिपय कारणों से निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन में सम्मिलित होने से रह गये थे. उन मतदाताओं के नाम आयोग द्वारा एक मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में ग्रामवार बैठक बुलाकर निर्वाचक नामावली प्रकाशित करने हेतु चलाये गये विशेष अभियान के समय व उसके बाद भी ग्राम पंचायत के संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु उपलब्ध कराये गये आवेदनों पर जनपद द्वारा आयोग से स्वीकृति प्राप्ति के बाद उक्त पोर्टल पर खोजे जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपदों के माध्यम से प्रयास किए गए है कि किसी भी पात्र निर्वाचक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से ना छूटे तथापि अभी भी पात्र मतदाता अपने निकटतम विकास खण्ड अथवा तहसील कार्यालय में प्रपत्र भरकर नाम जोड़ने/संशोधन करने हेतु आवेदन कर सकते है।

### बालिकाओं की कराई गई दौड़ प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष में राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बालिकाओं को दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे प्रथम स्थान प्रतिष्ठा द्वितीय माजिया, तृतीय सिद्धरा, चतुर्थ महक और पांचवां स्थान लवली शर्मा ने प्राप्त किया।

इसके बाद दूसरा कार्यक्रम सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में



रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव के नेतृत्व में किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में राज्य दर्जा राज्यमंत्री सरदार मंजीत सिंह राजू, पूर्व राज्य ऊर्जा मंत्री राजेश कुमार, कार्यक्रम सह सयोजक महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी, बबलू गौतम, संजीव चौहान, रविकांत शर्मा, अनीता शर्मा, स्तुति गुप्ता मौजूद रहे।

### नक्ष व नैतिक ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटिया के छात्र नक्ष राणा व नैतिक ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल के अध्यापक लाल सिंह खोलिया एवं रिंकू देवी सहित ग्रामीणों ने बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इन दोनों छात्रों का नवोदय विद्यालय के लिए भी चयन हुआ था।

### घर पर फायर झोंकने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** घर पर फायर झोंकने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इंदिरा कॉलोनी निवासी जगजीत सिंह पुत्र मान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बुधवार शाम उसके सगे चाचा के बेटे डिबडिबा बिलासपुर निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र सेवा सिंह ने अपने एक साथी के साथ बाइक से आकर उनकी पत्नी और बच्चों की तरफ दो बार फायर किए और फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के दिन गुरप्रीत के साथी नहर वाली चौकी अमृतसर पंजाब निवासी विक्रमजीत सिंह पुत्र प्रेम सिंह ने फायरिंग की थी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने शुक्रवार रात विक्रमजीत को मॉडल कालोनी रोड रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। फरार आरोपी गुरप्रीत की पुलिस तलाश कर रही है।

### रोजगार मेले का आयोजन 30 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंहनगर के बेरोजगार युवाओं के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में 30 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि भाग लेंगे और कुल 53 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न तकनीकी व गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, बी-कॉम तथा संबंधित क्षेत्र में अनुभव निर्धारित किया गया है। कुछ पदों पर न्यूनतम 4 से 5 वर्षों का अनुभव भी अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 55 वर्ष के बीच रखी गई है।

**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो. महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# जीआरडी ने द ऑक्सफोर्ड अकादमी को हरा जीती ट्रॉफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डीपीएस रुद्रपुर द्वारा आयोजित टी-10 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन एक शानदार समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें 29 प्रतिष्ठित स्कूलों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल, रुद्रपुर और द ऑक्सफोर्ड अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें जीआरडी ने 11 रनों से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 120 रन बनाए। वंश ने 40 रन, अभिनव भगेल ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में दीपक ने तीन विकेट और शौर्य व प्रियांशु ने 2-2 विकेट




चटकाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में ऑक्सफोर्ड अकादमी की टीम 109 रन ही बना सकी, जिसमें निशांत ने 41 रन और कृष सिंह ने 27 रन की सराहनीय पारियां खेलीं। मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह रावत,अधिकारी-युवा कल्याण विभाग एवं विशिष्ट अतिथि उत्तम सिंह जंतवाल एचआर हेड बेलराइज लिमिटेड ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां और व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित किए। मैन ऑफ द मैच वंश, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अभिनव भगेल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज प्रियांशु , सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक कुणाल, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिनव भगेल चुने गए। इस अवसर पर चेयरमैनसुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्रिंसिपल चेतन चौहान ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को हार्दिक बधाई दी। चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने अपने संदेश में कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना का निर्माण करता है। ऐसे टूर्नामेंट छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं, साथ ही टीम वर्क, स्पोर्ट्समैनशिप और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। डीपीएस रुद्रपुर हमेशा विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट्स विभाग द्वारा किया गया, जिसमें एनएस रावत , हर्षित अरोड़ा एवं स्कूल की खेल टीम विशेष रूप से सक्रिय रही।

## बहू ने सास पर बरसाए डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सास ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार**

**बाजपुर।** बरहैनी चौकी में एक महिला ने अपनी बहू पर मारपीट करने और कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने बरहैनी पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

बता दें कि बाजपुर के ग्राम हरसान निवासी वृद्ध महिला ने बरहैनी चौकी में पुलिस को शिकायत कर बताया कि उसका पोता अपनी दादी के पास आया था कि उसकी बहू ने गुस्से में आकर उसके साथ डंडे से मारपीट शुरू कर दी। महिला ने बताया कि जब इसका विरोध किया गया तो उसकी बहू ने घर में खड़ी कार में भी तोड़फोड़ की। महिला ने बरहैनी पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। बरहैनी पुलिस ने पीड़ित महिला का मेडिकल करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बरहैनी चौकी पुलिस ने बताया कि मामले में जांच की जाएगी और जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया गया पूर्वाभ्यास




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के सौजन्य से पं.पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज में ग्यारहवें अंतःरराष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शुक्ला, विद्यालय के प्रबंधक पुष्पेंद्र मोहन सिंघल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष तरूण गहलौत, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा और पूर्व प्रधानाचार्य बाबू सिंह शाक्य द्वारा सरस्वती माता और भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकोल के अनुसार दीपक कुमार, प्रभा देवी, इंग्लेश और डिंपी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शुक्ला द्वारा सभी को पौधे देकर सम्मानित किया गया और महर्षि पतंजलि द्वारा बताये गये योग के आठों चरणों के महत्व को संक्षेप में समझाया गया। मंच संचालन चंद्रमणि तिवारी ने किया और कार्यक्रम का संयोजन डा. संदीप गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी को आगामी 21 जून को विद्यालय में आयोजित होने वाले ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमंत्रित किया।

# राष्ट्रीय पाठ्य चर्या रूपरेखा पर सीबीएसई कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के उत्कृष्टता केंद्र, देहरादून द्वारा स्कूली शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्य चर्या रूपरेखा 2023 विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला (भावी संसाधन व्यक्तियों) के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें रुद्रपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों के प्रमुख शिक्षकों एवं शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और मुख्य अतिथियों के अभिनंदन के साथ हुआ। कार्यशाला के मुख्य संसाधन व्यक्ति प्रगति चौधरी, प्रधानाचार्य, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, गौतम बुद्धनगर, उत्तर प्रदेश, श्रीनिवास राव प्रधानाचार्य माउंट लटेरा स्कूल, बहादराबाद, हरिद्वार दोनों विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय पाठ्य चर्या रूपरेखा 2023 की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला



तथा इसे विद्यालयो में प्रभावी ढंग से लागू करने की रणनीतियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह रूपरेखा छात्रों के समग्रविकास के लिए एक सशक्त माध्यम बन सकती है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि अग्रिणि भारत मिशन को ध्यान में रखते हुए इस पाठ्य चर्या रूपरेखा का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है, ताकि विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशलों का समुचित विकास हो सके। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक और प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर आरएएन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या भावना भानोट ने सभी विशेष संसाधन व्यक्तियों तथा विभिन्न विद्यालयों से आए अतिथियों का आभार प्रकट किया और उन्हें इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला को सफल बनाने हेत धन्यवाद दिया।

आरएएन पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल शिक्षकों को सशक्त बनाती हैं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में नवाचार और सुधार लाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं।

## अभद्रता का विरोध करने पर महिला कर्मचारी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** बंडिया स्थित गन्ना समिति कार्यालय में एक कर्मचारी पर महिला कर्मचारी से अभद्रता का आरोप है।

महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गन्ना समिति में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के कार्यालय में तैनात एक महिला कर्मचारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को वह ड्यूटी कर रही थी। इस दौरान दूसरे कर्मचारी ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी।

आरोप है कि विरोध करने पर कर्मचारी ने उसके साथ मारपीट की। इस कारण उसे चोट लगी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद ने बताया कि घटना के बारे में उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया है।

**संबन्ध विच्छेद**

मैनें अपने बड़े पुत्र संजय सरकार व उसकी पत्नी सपना सरकार को उसके गलत चाल-चलन के कारण उससे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे किसी भी परिजन का अब संजय सरकार व उसकी पत्नी सपना सरकार से कोई संबन्ध या वास्ता-सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र संजय सरकार व उसकी पत्नी सपना सरकार से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अनूप कुमार पुत्र शिव कुमार
निवासी, ग्राम शहदौरा, तहसील किच्छा
थाना पुल भट्टा, उधमसिंह नगर।**

## रुद्रपुर राइजिंग ने बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राइजिंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को बाल श्रम की कानूनी रोकथाम, बाल विवाह से होने वाले स्वास्थ्य एवं सामाजिक प्रभावों एवं नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर जागरूक किया ।

लालपुर के किसान इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य चंद्रकला राय ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनी अपराध भी है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने इसके बचाव के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी और बताया कि संकट की स्थिति में इस नंबर का उपयोग कैसे करें। बाल कल्याण समिति सदस्य शिवानी गंगवार ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत उनके अधिकारों और संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर दीपा राय, सुमन मिश्रा, मेरी थापा, अनीता सिंह, प्रधानाचार्य फैज खान आदि मौजूद थे।

## धोखाधड़ी के आरोप में दंपति पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा ।** पुलभट्टा पुलिस ने पार्टनरशिप फर्म में धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। असित जिंदल पुत्र महादेव प्रसाद निवासी वार्ड संख्या 16 किच्छा ने पुलभट्टा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सांवरिया फूड्स फर्म में 50 प्रतिशत का साझीदार है। फर्म के समस्त कार्य देखने के लिए दूसरे साझीदार सचिन अग्रवाल पुत्र ईश्वर चंद्र किच्छा को निर्धारित किया गया था। आरोप लगाया कि 13 अप्रैल 2024 को संज्ञान में आया कि फर्म में साझीदार सचिन अग्रवाल और उसकी पत्नी प्रेमा अग्रवाल ने साजिश एवं षड्यंत्र के तहत कूटरचना करते हुए एक नई पार्टनरशिप डीड तैयार कर उस पर उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर फर्म से उनकी साझेदारी को समाप्त कर दिया।

धोखाधड़ी की जानकारी होने पर उन्होंने सभी संबंधित विभागों में इसकी शिकायत की। सूचना अधिकार से जानकारी मिली कि दंपति ने जो दस्तावेज तैयार किए हैं, वह अवैध है। बताया कि 14 अगस्त 2024 को फर्म के चक्की प्लांट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे प्लांट के कुछ भाग को नुकसान पहुंचा था। लेकिन दंपति ने प्लांट रिपेयर न कराकर आग लगने की घटना का लाभ उठाते हुए फर्म के सामान को धोखाधड़ी से खुर्द-बुर्द कर दिया। पुलभट्टा थाना इंजार्ज प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हिंदुत्व प्रहरी सेवा संस्थान की ओर से फ्रेंड्स इन्क्लेव में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथामृत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कथा वाचक सतीश चंद्र दीक्षित, शास्त्री हेमंत और आचार्य हरीश को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी को संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

# जाम की समस्या बने फुटपाथ को हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मेलघाट रोड के व्यापारियों ने बीजेपी नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में रेलवे लाइन फाटक से लेकर मेलघाट मार्ग पर मुख्य चौक तक प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से मुलाकात किया तथा एक ज्ञापन सौंपा।



व्यापारियों ने कहा कि सड़क के दोनों ओर बने डिवाइडर की वजह से लगभग सड़क का बीस प्रतिशत हिस्सा यातायात के काम नहीं आ पा रहा है फुटपाथ की वजह से आए दिन जाम लगा रहता है। फुटपाथ के बाद वाहन खड़े होने से मार्ग अत्यंत संकरा हो जाता है जिससे स्कूली बच्चों, व्यापारियों एवं ग्राहकों को आने जाने में काफी समस्या होती है।जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने जनहित में इस समस्या के तत्काल समाधान तथा फुटपाथ को हटाने की मांग की।

नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि पूर्व में भी इस समस्या के बारे में प्रशासन को अवगत कराया गया था लेकिन समाधान नहीं हुआ। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने आश्वाशन दिया कि जल्द ही फुटपाथ की वजह से लगने वाले जाम की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाएगा। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने भी मेलघाट रोड पर दुकानों के आगे बने फुटपाथ को हटाने की सहमति दी है। इस अवसर पर अमरजीत सिंह, अनिल प्रजापति, सत्यनारायण गर्ग, आकर्षण भटनागर, रोहित छाबड़ा, सुमित भटनागर, विमल सोनकर, संदीप बत्रा, संजय बत्रा,रामचंद्र प्रजापति, इजरायल अंसारी तथा ताहिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# हादसों में दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को किच्छा और रुद्रपुर क्षेत्र में दो सड़क हादसों में रम्पुरा निवासी ई-रिक्शा चालक और रामपुर यूपी निवासी हाइड्रा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, रम्पुरा निवासी 45 वर्षीय कोमिल कोली पुत्र बाबूराम ई-रिक्शा चालक थे। कोमिल के बहनोई दिनेश ने बताया कि शुक्रवार शाम कोमिल नैनीताल हाईवे स्थित सोनिया होटल के पास सड़क किनारे अपने ई-रिक्शा के पास खड़े थे। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार ने ई-रिक्शा के साथ कोमिल को टक्कर मार दी।

हादसे में कोमिल कई मीटर दूर जाकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार भी दो पल्टी खाकर सड़क पर पलट गई। वहीं कोमिल को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

वहीं कोमिल के दो बेटे और एक बेटी है। दूसरा हादसा किच्छा हाईवे लालपुर के पास हुआ। यहां कैंटर बाइक सवार को रौंदते हुए फरार हो गया। मृतक की शिनाख्त सिमरिया केमरी रामपुर निवासी 28 वर्षीय भारत मौर्य पुत्र भजन लाल के रूप में हुई। भजन ने बताया कि उनका बेटा किच्छा में ही रहता था और हाइड्रा चालक था। भारत पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि शनिवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# विधिक जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तहसील विधिक सेवा समिति रामनगर द्वारा उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में सिद्धार्थ कुमार सचिव तहसील विधिक सेवा समिति/न्यायिक मजिस्ट्रेट रामनगर द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ कुमार ने छात्र छात्राओ,अधिवक्ताओ और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून का कार्य केवल लोगों को सजा देना ही नहीं होता बल्कि लोगों की सुरक्षा करना भी होता है। उनके द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया कि बाल श्रम एवं बाल विवाह बच्चों के बचपन को छीन लेता है जो उनका अधिकार है।इस दौरान अपर मुख्य न्यायाधीश राजीव धवन, तहसीलदार मनीषा मकराना, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, गिरधर बिष्ट, गणेश कुमार गगन, उमाशंकर टम्टा, दीप्ति खुल्बे, गौरव तिवारी, जावेद, अश्विनी लटवाल, शुभम, जीवन सत्यवली, चंद्रशेखर मिश्रा, अमिता लोहनी, भावना भट्ट आदि मौजूद रहे।

## यातायात के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** वर्तमान में पर्यटन सत्र को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानि. रीक्षक, कुमाऊं परिक्षेत्र, नैनीताल के निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के आदेशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति सजग एवं जागरूक करना है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष झूलाघाट दिनेश चंद्र सिंह के नेतृत्व में अपर उप निरीक्षक कुबेर सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा 80वीं बटालियन एनसीसीके कैडेट्स को सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

# सुचारू रूप से कराई जाए पेयजल आपूर्ति: डीएम

■ **जिलाधिकारी ने किया आंवलाघाट-रामगंगा पंपिंग पेयजल योजना का निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पेयजल आपूर्ति की समस्या के दृष्टिगत जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने नगर में पेयजन आपूर्ति सुचारू रखने हेतु आंवलाघाट-रामगंगा पंपिंग पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने पंपिंग स्टेशन की कार्यप्रणाली, जल शोधन संयंत्र की दक्षता, और पाइपलाइन नेटवर्क की स्थिति का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने आंवलाघाट-रामगंगा पंपिंग पेयजल योजना के अंतर्गत पम्प गृह फेस 1 और 2 तथा रामगंगा पर निर्मित तीनों इनफिल्ट्रेशन वेल एवं टैंकों में हो रहे पेयजल स्टोर कार्यों एवं पेयजल आपूर्ति कार्यों की स्थिति के बारे में पेयजल निगम के अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पंप हाउसों में रजिस्टर पंजिका उप टू डेट रखा जाए।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पूछा कि पेयजल पूर्ति करने में कभी कभी क्यों दिक्कत आ रही है। इस पर अधीक्षण अभियंता धर्मशक्तू ने बताया कि कभी कभी स्टेबिलाइजेशन के कारण वाटर पंपिंग में दिक्कत हो जाती है, इस पर जिलाधिकारी ने देरी से अवगत कराने हेतु जल निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को सखप्त निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार कर स्टेबिलाइजेशन के लिए स्टेबलाइजर पंपिंग स्टेशन में लगवाए जाए और इस प्रॉब्लेम को दूर कर पिथौरागढ़ की जनता को साल भर बिना किसी शिकायत पेयजल पूर्ति की जाए। निरीक्षण के दौरान रामगंगा नदी पर स्थित तीनों टैंकों में से एक टैंक में पेयजल का स्टोर कम पाया, जिस पर पेयजल निगम के अधिकारी ने बताया कि नदी का बहाव दूसरी ओर होने के कारण टैंक में पानी का स्टोर कम हो पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये की आंवलाघाट-रामगंगा पम्पिंग पेयजल योजना के समीप रामगंगा नदी को चैनेलाइज किया जाए, ताकि नदी का बहाव उचित दिशा में हो सके तथा पंपिंग योजना के टैंकों में पर्याप्त पानी का स्टोर हो सके। जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारी को नियमित रूप से पेयजल के क्लोरीनेशन के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर वैभव काण्डपाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम आर.एस धर्मशत्तू, अधिशासी अभियंता विद्युत नितिन सिंह, सहायक अभियंता लो. निवि दिनेश जोशी, यांत्रिक खण्ड अधिकारी, समेत संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# कल्याणी नदी की सफाई का शुरू हुआ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कल्याणी नदी की सफाई के लिए नगर निगम ने महा अभियान शुरू कर दिया है। सफाई के लिए दो पोकलैण्ड मशीनों के साथ ही कई जेसीबीसी और अन्य वाहन लगाये गये हैं। अगले करीब बीस दिनों तक अटरिया रोड से लेकर किच्छा रोड तक कल्याणी नदी की तली झाड़ सफाई कराई जाएगी।

आने वाले मानसून को देखते हुए कल्याणी नदी की सफाई के लिए नगर निगम ने महा अभियान शुरू किया गया है। इसमें एक पोकलैण्ड मशीन अटरिया मोड़ से सफाई के लिए लगायी गयी है जबकि दूसरी पोकलैण्ड मशीन किच्छा रोड से काम कर रही है। इसके साथ ही कई जेसीबी मशीन और डंपरों को लगाया गया है। कल्याणी में जो भी गंदगी जमा है उसे अगले कुछ दिनों में हटा लिया जायेगा और नदी के मार्ग को सुचारू बनाया जायेगा। इससे आने वाले बरसात के दिनों में नदी से पैदा होने वाली बाढ़ की स्थिति का सामना नहीं करना पडेगा। नगर निगम ने इससे पहले अन्य नालों को साफ करने का अभियान शुरू किया था जिसमें अब तक 50 से अधिक नालों की तली झाड़ सफाई कराई जा चुकी है। नगर निगम के तीस कर्मचारियों की स्पेशल टीम सिर्फ नालों की सफाई के लिए लगाई गई हैं। कल्याणी के साथ साथ गंगापुर रोड पर स्थित बनरसिया और हल्दिया नहर को भी मूल स्वरूप में वापस लाने के लिए नगर निगम प्रयास कर रहा है। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्मैक तस्करी में महिला समेत दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में जेल में बंद भाई को जमानत पर रिहा कराने के लिए एक महिला ने स्मैक तस्करी का रास्ता चुन लिया। थाना गदरपुर पुलिस ने उसे एक युवक के साथ 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 मई को गदरपुर पुलिस की टीम बकैनीया इलाके में गश्त कर रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान बाइक (संख्या न्ज्ञ 18 ज्4849) पर सवार एक युवक और युवती पुलिस को देखकर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजीव राजपूत निवासी चिडींपुरा, थाना मिलक खानम, रामपुर बताया, जबकि महिला की पहचान परमजीत कौर निवासी ग्राम कलकत्ती, थाना गदरपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका भाई राजेंद्र उर्फ राजू एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में बंद है। उसकी जमानत कराने के लिए उसने तस्करी का धंधा शुरू किया ताकि जल्दी से पैसे जुटाकर भाई को छुड़ा सके। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# व्यावसायिक कौशल का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सभागार में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रुद्रपुर विकासखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से आए साक्षरता कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक विद्यालय से दो नोडल शिक्षक तथा कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत चार छात्र-छात्राओं ने स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्कों को साक्षर बनाना एवं उन्हें व्यावसायिक कौशल से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को वयस्क शिक्षा की तकनीक, सामाजिक योगदान की भूमिका तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने के गुर सिखाए गए। सभी प्रतिभागियों ने स्वयंसेवक के रूप में समाज को शिक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य डॉ. अजंता बिष्ट ने किया था। उन्होंने इस कार्य को एक आंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। यहां प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, कौशल चौहान, भरत सिंह, भगवती पांडे और चेतन पंत ने भी उल्लास कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।




# डीपीएस में हुआ समर कैंप का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में समर कैंप का भव्य उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य रूप से विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रा. वर, डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, समस्त रिसोर्स पर्सन, समन्वयिका, अध्यापक एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

विद्यालय के चेयरमैन द्वारा सभी रिसोर्स पर्सन संजय पंडित (थिएटर), अमल प्रकाश गुप्ता ( एरोमॉडलिंग), गगनदीप सिंह, राजेंद्र कौर (रेसिन आर्ट), वीरेंद्र अधिकारी (फोटोग्राफी), जसवंत सिंह,जर्मन सिंह( गतका ), कुंदन, गौरव (एडवेंचर), काजिआह (मैजिशियन), कविता ( वैदिक मैथ्स), वंदना अग्रवाल ( आर्ट और क्राफ्ट ) का स्वागत बैज और पौध भेंट देकर किया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना है। कैंप में बच्चों को कला, संगीत, नृत्य, खेलकूद, विज्ञान प्रयोग, कंप्यूटर और हस्तशिल्प जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उदघाटन कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा राग बिहाग पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा योग, स्केट्स और ताइक्वांडों पर आधारित मनमोहक रोल एंड रिलैक्स गतिविधि का प्रदर्शन किया ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जाद. ूगरनी काजिआह क्वीन द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्र मुग्ध कर पूरे सभागार को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन तथा वाइस चेयरमैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बच्चों को छुट्टियों का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी और ग्रीष्मकालीन शिविर 2025 का आगाज किया गया। इस शिविर में सर्टिफाइड कोर्सेज भी कराए जाएंगे जिनमे एरोमोडलिंग, रोबोटिक्स एवं थिएटर मुख्य गतविधि हैं।

## तिरंगा यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेरीनाग।** नगर में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। शनिवार को क्षेत्र के लोक निर्माण निरीक्षण भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भारतीय सैनिकों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए यात्रा को पूरे क्षेत्र में घूमाया और शहीद चौक पर भारत माता की जय के नारे के साथ यात्रा का समापन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेना के जवाबी कार्रवाई की सराहना की है। इस दौरान विधायक फकीर राम टम्टा, दीपक कार्की, मनोज कार्की, त्रिलोक खाती, गणेश उपाध्याय, धीरज बिष्ट, दीपक नेवलिया, लक्ष्मण सिंह कार्की, जीवन धानिक, योगेश महरा, विमलेश पंत, चारु चन्द्र पंत, भवानी शंकर आदि थे।

# सीओ ने किया नानकमत्ता थाने का निरीक्षण

■ **थाने के दारोगा व सिपाहियों से असलाहे खोले व बन्द कराए गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** थाने का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाने के मालखाने एवं वस्तुओं के रखरखाव की जांच परख कर अधीनस्थो को अवश्क दिशानिर्देश दिये।

शनिवार को खटीमा पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत ने नानकमत्ता थाने के मालखाने का निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस गार्द द्वारा उन्हें सम्मान सलामी दी गयी, जिसके उपरांत उन्होंने थाने के दारा. ेगाओ, एवं सिपाहियों व महिला सिपा. हियों से थाने के असले, को खोलेने एवं बन्द करने का अभ्यास भी कराया तथा सभी को असलहों के वारे में जानकारी दी, सीओ रावत ने लम्बित विवेचनाओ को पूरा करने तथा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सत्यापन अभियान को पूरा करने के निर्देश दिए। यहां थानाध्यक्ष उमेश कुमार, उप निरीक्षक राजेन्द्र पन्त, मनोज जोशी, संजय कुमार, सुनील कुमार, सिपाही राजेश कुमार, नवनीत कुमार, कमलेश, प्रकाश आर्या, नवीन जोशी,गिरीश चन्द,महिला सिपाही कमला दुग्त्याल, बीना, विधा, बवीता सहित थाने के कर्मचारी मौजूद रहे।



# दोहरे हत्याकांड में फरार आखिरी आरोपी सागर हुड़िया भी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** दुकान को लेकर गल्ला मंडी में हुए पिता-पुत्र की हत्या में शामिल फरार आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को किच्छा रोड से गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस पांच भाइयों सहित आठ आरोपियों को जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक, 28 अप्रैल की रात ईश्वर कॉलोनी निवासी गुरमेज सिंह और उनके छोटे बेटे मनप्रीत सिंह की दुकान को लेकर विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अवधेश सलूजा, उनके भाई दिनेश सलूजा, हेमन्त सलूजा, हरीश सलूजा, चरनजीत सलूजा, कांट्रेक्टर विशाल आनंद, ग्राम भोलापुर रामपुर यूपी निवासी हरदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह और पैगम्बरपुर बिलासपुर निवासी सन्नी मांगड़ पुत्र सुखबीर सिंह को गिरफ्तार किया था।

आरोपियों से पूछताछ में वार्ड 12 रुद्रपुर निवासी सागर हुड़िया पुत्र अरुण कुमार हुड़िया का नाम सामने आया। पुलिस ने सागर की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश दी। इसके बाद आरोपी के हाथ नहीं आने पर पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सागर हुड़िया को किच्छा रोड स्थित एक होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2012 में आरोपी पर रुद्रपुर कोतवाली में दुष्कर्म का भी मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पूर्व में जेल भी जा चुका है।

# विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** मानव तस्करी, यौन शोषण और बाल श्रम के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के तत्वावधान में संजय स्मृति पब्लिक स्कूल बनबसा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

शिविर में मानव तस्करी, यौन शोषण और बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से पंपलेट आदि का वितरण भी किया गया। इसके उपरांत नगर में जन जागरूकता रैली भी निकल गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के सचिव भावदीप राउते के दिशा निर्देश पर उड़ान शोषण से स्वतंत्रता विशेष जागरूकता अभियान के तहत आयोजित शिविर में पीएलवी अर्जुन सिंह ने संगठित रूप से चलाई जाने वाले अपराध मानव तस्करी के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को जानक. ारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 23 और अनुच्छेद 21 के बारे में बताते हुए कहा कि इन अनुच्छेदों के प्रावधानों के तहत मानव तस्करी निषिद्ध है और हर व्यक्ति को सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति मानव तस्करी जैसे अपराध को अंजाम देता है तो उसे सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। शिविर में बीएस की धारा 370 और 370 ए के बारे में भी विस्तार से बताया।

पीएलबी दीपा देवी ने बताया कि मानव तस्करी के माध्यम से अपराधी बंधुआ मजदूरी, बाल श्रम, व्यावसायिक यौन शोषण और अंग भंग, अंगों को निकालना जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसे अपराधियों द्वारा संगठित रूप से चलाया जाता है, इसके खिलाफ जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने अनैतिक देह व्यापार रोकथाम अधिनियम 1956 और अनैतिक देह व्यापार रोकथाम अधिनियम 1986 के प्रावधानों के अलावा यातायात के नियमों और सुरक्षा को लेकर मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के बारे में भी बताया। पीएलबी हरिप्रिया जोशी ने बच्चों के अधिकारों और संरक्षण को लेकर पोक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालास पीएलबी पूजा शर्मा ने क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट 2013 के प्रावधानों की जानक. ारी देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

पीएलवी प्रकाश आर्य ने बनबसा से सटे नेपाल बॉर्डर से होने वाली तस्करी के बारे में बताते हुए कहा कि इस ग्रहण अपराध को जागरुक होकर ही रोका जा सकता है। इसके उपरांत उड़ान शोषण से स्वतंत्रता अभियान के तहत नगर में जन जागरूकता रैली भी निकल गई।

# मृत सलीम के नाम से किए कूटरचित दस्तावेज तैयार

■ **पुलिस ने जेसीबी खरीदने के नाम पर बीमा के 29 लाख हड़पने वाला शातिर दबोचा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा के रत्नामडैय्या निवासी आसिफ पुत्र नन्हे की लिखित तहरीर के आधार पर 23 मई को थाना केलाखेड़ा में एफआईआर धारा 318(2) /338/ 336(3)/340(2)/61(2) बीएनएस बनाम रिजवान अल्वी पुत्र उस्मान अल्वी निवासी वार्ड नम्बर 6 रत्नामडैय्या थाना केलाखेड़ा जिला ऊधम सिंह नगर आदि पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एसआई देवेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सम्पादित की गई।

दौराने विवेचना निम्न तथ्य प्रकाश मे आये- शातिर बदमाश और उसके साथियो द्वारा एक जेसीबी मशीन दो दिसम्बर 2023 दिन शनिवार को महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फाइनेन्स कम्पनी से 30 लाख का फाइनेन्स मृतक सलीम के नाम पर कराया गया। जबकि मृतक सलीम पुत्र तौफीक की मृत्यु सिरसा हरियाणा में छह सितम्बर 2023 दिन बुधवार को होना प्रकाश में आया। मृतक सलीम की मृत्यु हरियाणा में होने का फायदा उठाकर शातिर बदमाश रिजवान अल्वी और उसके साथियो द्वारा एक षड्यंत्र के तहत कूटरचित मृत्यु प्रमाण नगर निगम मुरादाबाद से तैयार करवाया गया।

शातिर बदमाश द्वारा मृतक सलीम की मृत्यु के बाद भी उसके एसबीआई खाते में समय-समय पर पैसे जमा कराये और उसी के खाते से रुपये आरटीजीएस के माध्यम से जेसीबी की ड़ाउन पैमेन्ट भी की गई थी और मृतक सलीम के खाते से ही हर माह की जेसीबी किश्त भी जमा कर देता था। फर्जी दस्तावेज तैयार कर इन्शोरेन्स कलेम के रूप में महिन्द्रा फाइनेन्स से हमने करीब 29 लाख का इन्शोरेन्स प्राप्त किया और बाद में जेसीबी को किसी अन्य व्यक्ति को 27 लाख में बेच दिया गया।



23 मई 2025 को ऊधम सिंह नगर एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेशानुसार बाजपुर सीओ विभव सैनी के नेतृत्व में केलाखेड़ा थानाध्यक्ष अशोक कुमार मय पुलिस टीम द्वारा अभियोग में नामजद शातिर बदमाश रिजवान अल्वी पुत्र उस्मान अल्वी निवासी वार्ड नम्बर 6 रत्नामडैय्या थाना केलाखेड़ा जनपद ऊधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम द्वारा शातिर बदमाश के पास से एक जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा शातिर बदमाश को न्यायालय पेश किया जा रहा है। अरेस्ट शातिर बदमाश रिजवान अल्वी पुत्र उस्मान अल्वी निवासी वार्ड नम्बर 6 रत्नामडैय्या थाना केलाखेड़ा जिला ऊधम सिंह नगर का स्थानीय निवासी है। पुलिस टीम में केलाखेड़ा थानाध्यक्ष अशोक कुमार, एसआई देवेन्द्र सिंह राजपूत, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल दिनेश धपोला शामिल रहे।

# पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान की जन्म जयंती के उपलक्ष में आज शनिवार को पृथ्वीराज चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आदेश चौहान उपस्थित रहे।



वीरों के वीर शूरवीर शिरोमणि जयंती के कार्यक्रम पृथ्वीराज चौहान चौक पर आयोजित किया गया। इसमें सबसे पहले क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान और क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर सबसे पहले हवन पूजन किया गया। उसके पश्चात क्षत्रिय महासभा के जसपुर अध्यक्ष राजकुमार चौहान व क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने संयुक्त रूप से शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के बुद्धिजीवी विनीत चौहान ने वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान के जीवनी व उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के युद्ध को धर्म युद्ध ( धर्म की रक्षा) करने का नाम दिया। उनके ओजस्वी विचारों को सुन सभा में बैठे सभी लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज से आने वाले सीबीएसई रिजल्ट में घोषित मेधावी छात्रों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया

12वीं में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रीत कुमार पुत्र विपिन कुमार निवासी रतुपुरा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।10वीं में छात्र माही चौहान द्वारा 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान रहने पर ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



क्षत्रिय महासभा द्वारा जसपुर में लगभग 21 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अध्यक्ष सुंदर पाल सिंह चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनीत कुमार चौहान, वीरेंद्र सिंह, चौहान भीम सिंह, आदित्य गहलोत, प्रधान खेम सिंह, दिग्विजय सिंह, विपिन चौहान, प्रदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी संजय राजपूत, नसरीन चौधरी, मिथिलेश चौहान, हिमांशु नंबरदार, सर्वेश चौहान आदि सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# रेलवे ने दी सात दिन में भूमि खाली करने की चेतावनी

■ **वार्डवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अभिलंब सीमांकन की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रेलवे सीमा से लगे वार्ड संख्या 14 वासियों में रेलवे द्वारा सात दिन में अतिक्रमण हटाने के जारी नोटिस से हड़कंप मचा है। रेलवे प्रशासन पूर्वोत्तर रेलवे पीलीभीत से जारी नोटिस वार्ड के लगभग 30 परिवारों के आवास पर चस्पा किए गए हैं। सभासद विश्वनाथ यादव की देखरेख में उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट से मिले पीड़ित परिवारों ने ज्ञापन सौंप कर रेलवे तथा राजस्व विभाग की भूमि के सीमांकन करने की मांग की है।

उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में वार्ड वासियों ने स्वयं को वर्षों से अपने कब्जे की इस भूमि को राजस्व विभाग की बताया गया है। ज्ञापन में सनातन धर्मशाला रेलवे स्टेशन वार्ड के लगभग 30 परिवारों के आवास पर 23 मई में को रेलवे पुलिस की मौजूदगी में रेलवे कर्मचारियों ने नोटिस चस्पा कर 7 दिन में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है । नोटिस सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) पूर्वोत्तर रेलवे पीलीभीत के कार्यालय से जारी बताए गए हैं।



वार्ड वासियों ने अपने कब्जे वाली इस भूमि को राजस्व अभिलेखों में आबादी श्रेणी 6/ 2 आबादी क्षेत्र में दर्ज बताया है। इस भूमि से पूरब की ओर की सड़क को राजस्व अभिलेख में राज्य सरकार के नाम दर्ज बताया है ।

पीड़ित परिवारों ने अभिलंब सीमांकन कर समाधान की मांग की है । एसडीम बिष्ट ने राज्य विभाग की टीम को निर्देशित कर रिपोर्ट मांगी है।ज्ञापन देने वालों में हरि ओम, जगदीश, महातम, अशोक खड़का, संजय गुप्ता , दिलावर खान, विकास शर्मा, अजय, राज मंगल, राजेंद्र, रोहित चौधरी, नीरज आदि सम्मिलित है।

## इनके आवासों पर नोटिस चशमा

**खटीमा।** मनोज गंगवार, शंकर पलियाल, राजेंद्र सिंह, बिशन सिंह, शांति भंडारी, देव सिंह चौधरी, अशोक कुमार खड़का, पंकज कश्यप, रवि बिष्ट, नगर पालिका स्टोर, विश्वनाथ यादव सभासद, कुसुम देवी , सुरेश शर्मा, मुकेश शर्मा , संजय गुप्ता, हीरालाल यादव, रामकिशोर रस्तोगी, हामिद खान, शिव कुमार, अजय कुमार, हरिओम कश्यप, महात्म गुप्ता, जगदीश, रोशन कश्यप, अनिल कश्यप आदि के आवासों पर नोटिस सस्ता हैं।

# 13 चौराहों की बदलेगी तस्वीर

## अतिक्रमण हटाने के बाद अब चौड़ी की गई सड़कों का अब होगा सुधारीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु सड़कों व चौराहों के चौड़ीकरण की योजना तैयार करते हुए कार्य कराया गया इस हेतु कई जगहों पर अतिक्रमण को हटाया गया। कई जगह सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भी हटाया गया यहां तक की कुछ धार्मिक स्थल अपनी पुरानी जगह से नई जगह पर शिफ्ट किए गए। इस दौरान पेयजल तथा विद्युत लाइनों को भी बड़ी मात्रा में शिफ्ट किए गए ताकि सड़कों एवं चौराहों के चौड़ीकरण का कार्य बिना व्यवधान के हो सके। अब नगर में चौराहों का सौन्दर्यकरण के साथ ही चौड़ी की गई सड़क के सुधारीकरण का कार्य कराया जाना है। हल्द्वानी नगर में कुल 13 चौराहों को विकसित कर उनका सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाना है, इन सड़कों एवं चौराहों के चौड़ीकरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिला. धिकारी वंदना की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई।



बैठक में कार्यदाई संस्था द्वारा अवगत कराया की 13 चौराहों में से चार चौराहे के फिनिशिंग कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा तथा 9 चौराहे के फिनिशिंग कार्य उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी जो एडीबी सहायाचित है के माध्यम से विकसित करने का कार्य किया जाना है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा चार चौराहा को विकसित कर सौंदर्य करण का कार्य किया जा रहा है जिनमें से इन सभी में 90 ीसदी कार्य पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने इन चारों चौराहों में कराए गए कार्यों के संबंध में लोनिवि के अधिशासी अभियंता से जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को जून तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सचिव जिला विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए की वह भी अपने स्तर से इन चारों चौराहों का स्थलीय निरीक्षण कर इन चौराहों में रोड सेफ्टी के अंतर्गत मानकों का भी परीक्षण सम्बंधित विभाग व एजेंसी के माध्यम से करा लें, ताकि भविष्य में ट्रैफिक व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या ना हो। बैठक में अवगत कराया की शेष 9 चौराहों के अवशेष कार्यों को एडीबी के अंतर्गत कराया जाना है जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी चौराहों के सौंदर्यकरण हेतु जो डीपीआर तैयार की गई है उसका रोड सेफ्टी के मानकों के अनुरूप परीक्षण कर लिया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न ना हो। इस संबंध में जिला. धिकारी ने लोक निर्माण विभाग को संबधित विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। ताकि तकनीकी रूप से बेहतर कार्य संपन्न हों। उन्होंने कहा कि कार्यों का परीक्षण कर लिया जाए किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल ठीक किया जाए। बैठक में कायदाही संस्था यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक ने अवगत कराया की हल्द्वानी नगर अंतर्गत 9 चौराहों एवं चौड़ी की गई सड़क मार्ग के सौंदर्यकरण, ड्रेनेज़, यूटिलिटी डक्ट आदि कार्य एडीबी परियोजना अंतर्गत उनके विभाग के माध्यम से कराये जाने हैं जिस हेतु टेंडरिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है जून अंतिम सप्ताह तक बॉन्ड पूर्ण करते हुए कार्य प्रारम्भ कर लिया जाएगा। बैठक में सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजयनाथ शुक्ल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रत्यूष सिंह परियोजना प्रबंधक एडीबी कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चालक ने महिला होमगार्ड को घसीटा

**हल्द्वानी।** शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं, जब एक ई-रिक्शा चालक ने ड्यूटी पर तैनात महिला होमगार्ड पर जानलेवा हमला कर दिया। शुक्रवार को मुखानी चौराहे पर तैनात महिला होमगार्ड चंपा ने जब एक ई-रिक्शा चालक को क्षमता से अधिक सवारी बैठाने से रोका, तो उसने रिक्शा दौड़ा दिया और चंपा को रिक्शे के साथ घसीटता ले गया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के समय चंपा यातायात नियंत्रित कर रही थीं। जब उन्होंने देखा कि एक ई-रिक्शा चालक सवारियों की निर्धारित सीमा का उल्लंघन कर रहा है, तो उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने बदसलूकी करते हुए रिक्शा भगाना शुरू कर दिया। चंपा ने उसे रोकने का प्रयास किया और रिक्शे को पकड़ लिया, लेकिन चालक नहीं रुका। गनीमत रही कि चंपा किसी बड़े हादसे का शिकार नहीं हुईं।

## एक नजर

### नियमितिकरण के लिए पौधारोपण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शनिवार को 323वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शनिवार को गाजियाबाद से आए पर्यटकों संजय त्यागी, राजन बब्बर, धीरज गुप्ता, सुरभि गुप्ता व अभिजन गुप्ता ने आंदोलन से जुड़ते हुए कहा कि देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों में जाते हैं लेकिन ऐसा सुसज्जित पर्यावरण संरक्षण के तहत सरकारी आवास गृह उन्होंने पहली बार देखा और इस पौधारोपण आंदोलन से जोड़ने को भी वह अपना सौभाग्य समझते हैं। उन्होंने कहा कि वह कैलाश मानसरोवर की यात्रा भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा पर्यटकों को जोड़ते हुए पौधारोपण की जो मुहिम चलाई है वह सराहनीय है।

### प्राधिकरण की जागरूकता रैली 26 को

**नैनीताल।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्ग निर्देशन में 26 मई सोमवार को शाम 4 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर नैनीताल से बाल श्रम मुक्त उत्तराखंड एवं बाल विवाह मुक्त उत्तराखंड, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा तथा राहवीर योजना के विषय पर जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

### कार की चपेट में आकर महिला घायल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में हाईकोर्ट के समीप पर्यटक की कार की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई। महिला को अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मल्लीताल निवासी पार्वती देवी (55) हाईकोर्ट की ओर से बाजार को आ रही थी। इस दौरान बाजार को आ रही यूपी 16 ईपी 8340 कार की चपेट में आने से महिला सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। इस दौरान राहगीरों ने हल्ला कर पर्यटकों के वाहन को रोक लिया और पुलिस को सूचित कर दिया। साथ ही महिला को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच इलाज कराने को लेकर समझौता हो गया है।

### आदि कैलाश यात्रियों के दल का स्वागत

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में उत्तराखंड टूर एंड ट्रेवल संस्था के माध्यम से आदि कैलाश की यात्रा में जा रहे 20 सदस्यीय यात्री दल का शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ शपथ दिलाई शपथ रजिस्टर भरवाया, साथ ही गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में भी पौधारोपण किया। यात्रियों ने इस नेक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यात्रा के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का कार्य करते हुए उन्हें आनंद की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष लोकेश चंद व निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### बालरोग विशेषज्ञ छुट्टी पर, मरीज़ परेशान

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में एक मात्र बालरोग विशेषज्ञ की छुट्टी के चलते बीमार बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भी कई मरीजों को अस्पताल से वापस लौटना पड़ा। बता दें कि बीडी पांडे असपताल में बालरोग विशेषज्ञ के तीन पद स्वीकृत हैं लेकिन तीन पदों के सापेक्ष वर्तमान में अस्पताल में एक ही बालरोग विशेषज्ञ तैनात हैं। इधर शनिवार से सोमवार तक बालरोग विशेषज्ञ के अवकाश पर जाने से मरीजों को फजीहत झेलनी पड़ रही है वहीं बालरोग विशेषज्ञ की छुट्टी के बाद किसी अन्य बालरोग विशेषज्ञ की व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते परिजनो को बीमार बच्चों को लेकर हल्द्वानी जाना पड़ा। मामले में अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि बालरोग विशेषज्ञ सोमवार तक छुट्टी में हैं। बताया कि सोमवार को भीमताल से बाल रोग विशेषज्ञ को नैनीताल बुलाया जाएगा।

### मौसम बदलते ही जंगल आग की चपेट में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में दो दिनों से बारिश रुकी हुई है। बारिश रुके 48 घंटे नहीं हुए जंगल आग की चपेट में आ गए हैं। जिससे जिले का तापमान ओर बढ़ने लगा है। बता दें कि बागेश्वर से लगे कठायतबाड़ा के जंगलों में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलती गईं, जिससे जंगल की बहुमूल्य वन संपदा और जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, आग दोपहर बाद जंगल के ऊपरी हिस्से से शुरू हुई और धीरे-धीरे निचले क्षेत्रों तक फैल रही है। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन दुर्गम क्षेत्र और तेज़ हवाओं के कारण आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने के वन विभाग की टीम के साथ भाग लिया। वही प्रभागीय वनाधिक. ारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि यूपीसीएल के तारों के शार्ट शर्किट से जंगल में आग लगी है। आग बुझा दी गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि यूपीसीएल से कई बार पत्रव्यवहार किया जा चुका है। उसके बाद भी बाद भी तार सही से नहीं कसे हैं और न ही लॉपिंग हुई है।

## मृतक के परिवार को 50 लाख दे इफ्को टोकियो

**नैनीताल।** सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को न्यायालय ने 50 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का फैसला सुनाया है। यह आदेश इंश्योरेंस कंपनी इफको टोकियो के खिलाफ दिया गया है। बता दें कि मार्च 2022 में हल्द्वानी के निलियम कालोनी निवासी गीता देवी ने अपने अधिवक्ता पीसी जोशी व नीलेश भट्ट के माध्यम से जिला न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए बताया की याचिकर्ता गीता देवी के पति चारु चंद्र बृजवासी हल्द्वानी स्थित रैकेट इंडिया कंपनी में पीएसआर पद पर कार्यरत थे और 12 मार्च 2022 को कंपनी कार्य से मुनस्यारी से पिथौरागढ़ की ओर जा रहे थे इस दौरान वाहन चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते खिरचना पुल कनालीछीना के पास वाहन गहरी खाई में गिर गयाए जिससे मौके पर ही उनके पति की मौत हो गई पिथौरागढ़ पुलिस ने दुर्घटना का कारण वाहन के आगे अचानक जानवर आ जाना बताया और फाइनल रिपोर्ट लगा जिसके बाद पत्नी ने न्यायालय का रुख किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह उनके तीन बच्चे और मृतक की मां पूरी तरह से मृतक पर निर्भर थे तथ्यों और साक्ष्यों के गहन परीक्षण के बाद जिला जज सुबीर कुमार ने संबंधित इंश्योरेंस कंपनी इफको टोकियो को आदेश दिया कि वे याचिकाकर्ता गीता देवी उनके बच्चों और मृतक की मां को ब्याज सहित कुल 50 लाख 52 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान करें।

# कोविड के बढ़ते मामलों पर अलर्ट

## जिला चिकित्सालय में सीएमओ ने ली महत्वपूर्ण बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देश भर में कोराना वायरस संक्रमण (कोविड) के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय नैनीताल भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए शनिवार को जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. तरुण कुमार टम्टा ने अस्पताल के डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक के बाद पीएमएस डा. टम्टा ने पत्रकारों को बताया कि देश की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में कोविड के केस सामने आने लगे हैं



जिसको देखते हुए नैनीताल में भी अस्पताल प्रबंधन अलर्ट मोड पर है और इससे निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी हैं, हालांकि अभी तक कोई भी कोविड का मामला सामने नहीं आया है। विभाग की तरफ से कोविड वार्ड चालू करा देने की रणनीति बनाई गई है। विभाग ने सतर्कता अपनाना शुरू कर दिया है। अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड भी बना हुआ है और फिजिशियन को निर्देशित किया गया है कि सर्दी व जुखाम के मामलों में कोई गंभीर केस लगता है तो तत्काल कोविड टेस्ट कराया जाए। बैठक में डा. द्रौपदी गर्ब्याल, डा. महिमन सिंह दुगताल, डा. मोनिका कांडपाल, डा. वीके मिश्रा, डा. अनिरुद्ध गंगोला, डा. नरेंद्र रावत, डा. गरिमा कांडपाल, डा. ममता पांगती, डा. शिखा, डा. प्रियांशु श्रीवास्तव तथा मेटर्न रेशमा चौहान, शारदा गिनवाल, शांति आर्य, जयंती रावत, सुषमा बेलवाल, दीपक कुमार तथा जितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शोध परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को आंतरिक शोध परियोजना

**आवश्यक वित्तीय संसाधानों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी: प्रो. रावत**

(केयूआईएफआर) के तृतीय चरण के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के शोधार्थियों द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी समिति के समक्ष अपनी शोध परियोजनाओं का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस चरण में कुल 34 शोध परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। बता दें कि यह पहल विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की एक विशेष अनुसंधानोन्मुख



योजना है जिसका उद्देश्य संकाय सदस्यों को शोध परियोजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। मूल्यांकन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की। इस अवसर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलूरु के वैज्ञानिक प्रो. पार्थ मंडल, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पाण्डेय तथा शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. नंद गोपाल साहू, डा. मनीषा त्रिपाठी, डा. महेश कुमार तथा डा. दीपक कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. रावत ने अपने संबोधन में कहा कि अब विश्वविद्यालय में शोध कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं रहेगी और शोध को हर प्रकार की बाधा से मुक्त वातावरण में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने शोधार्थियों को अभिनव, समाजोपयोगी तथा बहु. विषयक शोध विषयों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन की दिशा में गंभीर प्रयास करने का आह्वान किया। प्रो रावत ने कहा कि कि वर्ष 2023 के बाद से विश्वविद्यालय में न केवल शोध प्रकाशनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी निरंतर सुधार देखने को मिला है। संकाय सदस्य शोध कार्यों के प्रति अत्यधिक प्रेरित हैं और यह सकारात्मक रुझान विश्वविद्यालय की अकादमिक साख को सुदृढ़ बना रहा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि योग्य शोधों को पेटेंट कराया जाना चाहिए जिससे शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त हों और विश्वविद्यालय की नवाचार क्षमता को वैश्विक मान्यता प्राप्त हो।

## योग दिवस की रूपरेखा तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आगामी 21 जून शनिवार 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस देशभर एवं विश्व स्तर पर मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की योजनाओं से संबंधित ग्राम स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी अनामिका द्वारा आदेश जारी करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा योग दिवस के आयोजन हेतु 10 प्रमुख गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए रूपरेखा तैयार की गई है। भारत सरकार द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। योग दिवस पर जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों तथा लाभार्थियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह बैठकें उन ग्राम पंचायतों में की जाएंगी जहां इन योजनाओं के अंतर्गत बैठकों से पूर्व परिसंपत्तियों की स्वच्छता एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ हीए योग अभ्यास से पूर्व ही समिति की बैठकें पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि कार्यक्रम की प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे 21 जून 2025 को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेंए अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हों और योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

### बिड़ला में भारतीय भाषा समर कैंप

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर के तत्वाधान में शनिवार को भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। बता दें कि सीबीएसई के निर्देशानुसार भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में हिंदी और कुमाऊंनी बोली को केंद्र में रखकर विविध गतिविधियां संपन्न की गईं। इस दौरान छात्रों को कुमाऊंनी बोली के इतिहास, प्रमुख शब्द और बोली जाने वाली क्षेत्रीय विविधताओं से परिचित कराया गया। अपनी भाषा-अपनी पहचान विषय पर विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टर और प्रभावशाली नारे बनाए। कैंप ने छात्रों में भाषाई विविधता के प्रति जागरूकता और अपनी क्षेत्रीय भाषा के प्रति गर्व की भावना को जागृत किया। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

### नाली के ऊपर से निकली जाली, खतरा

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल जीआईसी व जेल गेट के बीच सड़क में नाली से जाली फिर निकल गई है जो लोगों के लिए खतरा बन गई है। बीच सड़क में नाली के ऊपर जाली न होने से स्कूटी बाइक सवारों के गिरने का खतरा बन गया है। बता दें कि बीते लंबे समय से नैनीताल हल्द्वानी रोड में जेल गेट के समीप बीच सड़क नाली के ऊपर लगाई जाली टूट गई थी। लोगों की शिकायत के बाद विभाग ने टूटी हुई जाली की जगह नई जाली लगा दी थी। लेकिन इधर महीने भर से जाली टूटी हुई है। जाली टूटने से सड़क के बीच नाली के ऊपर गड्ढा बन गया है। जिससे वाहनों के टायर फंसने व बाइकों के गिरने का खतरा बना हुआ है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक कई बाइक सवार बाल बाल बचे हैं। लेकिन विभाग मूकदर्शक बना बैठा है।

### होटल कर्मियों तथा पर्यटकों में झगड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल रैमजे रोड स्थित एक होटल में किसी बात को लेकर होटल कर्मचारियों व पर्यटकों का विवाद हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से पर्यटकों का एक परिवार घूमने के लिए नैनीताल आया था। शुक्रवार रात वह तल्लीताल के एक होटल में ठहर गया। जहां किसी बात को लेकर उनका होटल कर्मचारियों से विवाद हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करने की कोशिश की तो पर्यटक महिला पुलिस से अभद्रता पर उतर आई। जिसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। जहां कार्रवाई की बात पर पर्यटको ने अपनी गलती मानकर माफी मांग ली।

## जिला बार, कुमाऊं विश्वविद्यालय और पीडब्ल्यूडी ने अपने-अपने मैच जीत अगले चक्र में किया प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ऑफिशल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 13 वी क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में बार एसोसिएशन ने एनयूजे (आई) को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनयूजे (आई) की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 125 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में खेलते हुए बार एसोसिएशन की टीम ने लक्ष्य को 10 ओवर में प्राप्त कर लिया। दूसरे मैच में हाई कोर्ट एंड महाधिवक्ता कार्यालय और कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम आमने-सामने थी। जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित ओवरों में 142 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में खेलते हुए हाई कोर्ट एंड महाधिवक्ता कार्यालय की टीम 133 रन पास सीमट गई। तीसरा मुकाबला पॉलिटेक्निक और लोक निर्माण विभाग की टीम के मध्य खेला गया।जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लोक निर्माण विभाग की टीम ने पॉलिटेक्निक को 122 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पॉलिटेक्निक की टीम मात्र 70 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता के दौरान जगन चौधरी दीप कुमार निर्णायक रहे।

# एनडीआरएफ ने दिया विशेष सत्र

## एनसीसी कैडेट्स को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** रानीबाग स्थित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। 78 बटालियन एनसीसी के संरक्षण में चल रहे इस प्रशिक्षण शिविर में गदरपुर स्थित 15 बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने 500 कैडेट्स को आपातकालीन स्थितियों से निपटने की जानकारी दी। एनडीआरएफ की टीम का नेतृत्व असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला और इंस्पेक्टर शुभांशु जोशी ने किया। टीम ने कैडेट्स को भूकंप, आग, बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान की जाने वाली तैयारियों और बचाव तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में सीपीआर, ब्लड कंट्रोल, लिफ्टिंग एंड मूविंग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस का निर्माण और इमरजेंसी सायरन के दौरान की जाने वाली कार्रवाई जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल रहीं।

असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को इस प्रकार की ट्रेनिंग देकर उन्हें आपदा के समय प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षित कैडेट्स संकट के समय जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर 78 बटालियन के कर्नल कुंदन शर्मा सेना मेडल ने एनडीआरएफ टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि कैडेट्स यदि प्रशिक्षण के बल पर किसी की जान बचा पाते हैं, तो यह बटालियन और एनसीसी के लिए गर्व की बात होगी। प्रशिक्षण देने वाली एनडीआरएफ टीम में इंस्पेक्टर शुभांशु जोशी, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, पूरन सिंह, पूरन गिरी, जगद. ीश चंद्र, कांस्टेबल ओमकार सिंह, प्रवीण चंदोला, अवधेश, कैलाश चंद्रा, निरंजन, सुनील कुमार और शाहिद हुसैन शामिल थे। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाषा जोशी डिप्टी कैंप कमांडेंट, सूबेदार मेजर एमएस राव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जावेद अहमद, कैप्टन राजीव कुमार पाठक, ट्रेनिंग जेसीओ बालम सिंह और हवलदार कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण


**दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को अपर जिला. धिकारी विवेक रॉय, नगर आयुक्त ऋचा सिंह एवं उपजिलाधिकारी राहुल साह के नेतृत्व में नगर निगम, विद्युत विभाग एवं लोनिवि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा महिला अस्पताल से मंगलपडाव तक सड़क चौडीकरण को लेकर निरीक्षण किया गया। पूर्व में सड़क चौड़ीकरण के संबंध में किए गए चिन्हांकन के बावजूद कुछ दुक. ानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने संबंधित दुक. ानदारों के अतिक्रमण को स्वयं जल्द-जल्द अपने स्तर से स्वयं हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जिन लोगो द्वारा शिथिलता ली गई थी उन पर प्रसाशन द्वारा कार्यवाही तेजी की जायेगी। उन्होंने कहा जिस तरह अन्य चौराहे का चौडीकरण किया गया है। उन्होंने कहा सड़क चौड़ीकरण का कार्य मानकों के अनुसार ही किया जा रहा है। इसी दौरान मौके पर अवैध रूप से लगेप ाड-ठेले को हटाया गया। उन्होंने जिन नहरों में अतिक्रमण हो रहा है उन प्रशासन द्वारा नहरों से भी अतिक्रमण हटाया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (लो. निवि एवं विद्युत), नगर निगम के अधिकारीगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।



# द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल पर प्रशासन ने लगाया लाखों का फाइन



**शिक्षा माफियाओं के हौसलें पस्त, कई नामी गिरामी स्कूल आए बैकफुट पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के कई नामी-गिरामी स्कूलों पर कार्यवाही से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं। वही बड़े-बड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है। फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है।

जिले में पहली बार शिक्षा माफियाओं के हौसले मटियामेट हुए हैं। जब प्रशासन के हाथ शिक्षा माफियाओं के गिरेबान तक पंहुचे तब विद्यालयों का फीस स्ट्रक्चर सुधरने लगा। जिला प्रशासन ने जैसे ही सख्ताई दिखाई तो धीरे-2 स्कूल फीस बढोतरी का खेल भी खुलने लगा। द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला का मामला सामने आया है जहां 100 से अधिक अभिभावकों ने फीस बढ़ोतरी शिकायत की थी। जिले के भानियावाला में अवस्थित प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल का फीस बढोतरी पर 100 से अधिक अभिभावकों द्वारा डीएम को शिकायत की गई थी। डीएम के निर्देश पर सीडीओ पर बुलाये जाने के उपरान्त भी स्कूल प्रबन्धन उपस्थित नहीं हो रहे थे। अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि विद्यालय को प्री प्राईमरी से कक्षा 8 तक अंग्रेजी माध्यम से मार्च 2020 से मार्च 2025 तक की अवधि 5 वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की गई थी, जबकि स्कूल प्रबन्धन द्वारा मान्यता नवीनीकरण के लिए अभी तक आवेदन नही किया गया है, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा द प्रसिडेंसी विद्यालय पर प्री-प्राईमरी से कक्षा-8 तक बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन करने के फलस्वरूप शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा-18 की उपधारा-5 में उल्लेखित प्राविधानों के अन्तर्गत विद्यालय पर प्रतिदिवस 10 हजार रुपए की दर से 1 अप्रैल से 22 मई 2025 तक 52 दिवसों का कुल 5 लाख 20 हजार रूपये शास्ति आरोपित कर दी गई है। उक्त शास्ति की धनरा. शि विद्यालय प्रशासन को पत्र प्राप्त होने के तीन दिन के अन्तर्गत जमा करने के निर्देश दिए हैं।

### एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में सड़क किनारे डल रहे कूड़े पर लोगों में रोष

**देहरादून।** वरिष्ठ समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव टीटू प्रवीण त्यागी ने कहा कि वार्ड 47 चंद्र रोड एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में सड़क किनारे डाले जा रहे कूड़े से वार्ड वासियों और विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे डल रहे इस कूड़े को लेकर वार्ड के लोगों में रोष है।उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से इस समस्या का जल्दी ही निराकरण करने का अनुरोध किया है। वरिष्ठ समा. जसेवी टीटू त्यागी ने कहा कि वार्ड में कहीं भी कूड़ा डालने की जगह नहीं है। 17 मई को भी नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को सुपरवाइजर सोहनलाल के माध्यम से इस समस्या के बारे में वार्ड वासियों का हस्ताक्षर युक्त एक शिकायती पत्र सौंपा जा चुका है।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

# टीम की कमान शुभमन गिल को

## ऋषभ पंत बनाए गए उप कप्तान



**भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी**

**मुबंई, वार्ता।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे। अटठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफ्र्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में स प ६ ल रहेगी।




## आज सीएसके से भिड़ेगी गुजरात

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव, वार्ता।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया। वहीं,दिल्ली ने मणिपुर को हराकर पुरुषों की क्वाडरेगु टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नागालैंड ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में अपना अभियान कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। नागालैंडके चार स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट से आए हैं।पदक तालिका में मणिपुर और महाराष्ट्र पहले और दूसरे स्थान पर रहे। घोंघला बीच पर जैसे ही अंतिम सीटी बजी, वहां उत्सव और जश्न का माहौल छा गया।नागालैंड की महिला टीम ने घबराहट, कड़ी टक्कर और दबाव का सामना करते हुए हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की पुरुष टीम ने फाइनल में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर आसानी से खिताब जीता। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल के दौरानबड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। नागालैंड महिला टीम की कप्तान सैयेखिए नोतेपा ने मैच के बाद कहा, ह्रमैं बहुत खुश हूं। यह मुकाबला कठिन था, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहे। हरियाणा की कप्तान मोनिका ने कहा कि हमने काफी गलतियां कीं और यह निराशाजनक रहा, लेकिन हमें खुशी है कि हम फाइनल तक पहुंचे।

## शानदार तरीके से अभियान समाप्त करने उतरेगी केकेआर-एसआरएच

**नई दिल्ली, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरसीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद सितारगंज (ऊधम सिहं नगर)

पत्रांकः- 254/न0पा0 (राज्य वित्त आयोग)/2025-26 दिनांकः- 24/05/2025

**निविदा-सूचना**

नगर पालिका परिषद सितारगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान की सहायता से निम्नलिखित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र दिनांक 28.05.2025 से दिनांक 04.05.2025 को समय 04:00 बजे तक विक्रय की जायेंगी तथा निविदा दिनांक 06.06.2025 को 02:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी तथा निविदा इच्छुक ठेकेदारों के समक्ष दिनांक 09.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे पालिका कार्यालय में मा0 अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद सितारगंज व जिलाधिकारी द्वारा गठित निर्माण समिति द्वारा खोली जायेगी। शेष जानकारी पालिका कार्यालय के कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सशर्त टेण्डर किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा बिना कारण बताए एक या सभी निविदा निरस्त व अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | 03 प्रतिशत जमानत धनराशि | निविदा का मूल्य जी0एस0टी0 | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड न0 01 में संतोष के घर से रमेश के घर की ओर नाली निर्माण कार्य। | 3.02 लाख | 9,060 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 2 | वार्ड न0 01 में सुलखन के घर से सुरेश जोशी के घर की ओर टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 7.74 लाख | 23,250 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 3 | वार्ड न0 01 में सन्जीत राणा के घर से मुरारी लाल वर्मा के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.38 लाख | 10,150 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 4 | वार्ड न0 02 में अमर सिंह विष्ट के घर से ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के प्लॉट की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.50 लाख | 25,500 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 5 | वार्ड न0 02 में ताविर के घर से सलीम के घर की ओर नाली निर्माण कार्य। | 4.74 लाख | 14,250 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 6 | वार्ड न0 03 में अनीस अहमद के घर से इरशाद के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.07 लाख | 9,250 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 7 | वार्ड न0 03 में ईशाक के घर से भूरा के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.12 लाख | 9,400 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 8 | वार्ड न0 03 में अबरार के घर से नफीस के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.91 लाख | 8,750 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 9 | वार्ड न0 04 में अली अहमद के घर से शमशाद अहमद उर्फ कल्लू भाई के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। . | 5.94 लाख | 17,850 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 10 | वार्ड न0 04 में नवी अहमद के घर से सोबी मलिक के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.71 लाख | 17,150 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 11 | वार्ड न0 05 में मेन रोड से सिचाई विभाग कार्यालय व कॉलोनी की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 11.28 लाख | 33,850 | 1500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 12 | वार्ड न0 05 में प्राचीन भूमिया दुर्गा मन्दिर मे सी0सी0 टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.69 लाख | 14,100 | 500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 13 | वार्ड न0 05 में अनवर के घर से इमत्याज के घर की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.39 लाख | 10,200 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 14 | वार्ड न0 06 में रमेश चौहान के घर से मनोहर के घर की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.58 लाख | 16,750 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 15 | वार्ड न0 08 में सरेन्द्र के घर से राम अवतार के घर की ओर नाली निर्माण कार्य। | 2.89 लाख | 8,700 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 16 | वार्ड न0 06 में शकील के घर से मुशर्रत अली के मकान की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 9.03 लाख | 27,100 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 17 | वार्ड न0 06 में विजय के मकान से रामप्यारी के मकान की ओर नाली निर्माण कार्य। | 3.49 लाख | 10,500 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 18 | वार्ड न0 06 में आरिफ के मकान से लेकर नसीम के घर की ओर सी0सी0 टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2.81 लाख | 8,450 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 19 | वार्ड न0 07 में सुनील की दुकान से प्राइमरी स्कूल की ओर नाली व स्लैब निर्माण कार्य। | 4.49 लाख | 13,500 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 20 | वार्ड न0 09 में हाथीखाना शिव मंदिर का सौन्दर्यकरण का कार्य। | 12.00 लाख | 36,000 | 1500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 21 | Renovation of Meeting Hall in Nagar Palika Parishad Sitarganj | 13.65 लाख | 40,950 | 1500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 22 | वार्ड न0 8 में पुरानी मण्डी विनय कुमार मित्तल के घर से गोपाल सिंह बिष्ट के घर की ओर टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 23.48 लाख | 70,450 | 2000+जी0एस0टी0 | 5 माह |
| 23 | वार्ड न0 8 में पुरानी मंण्डी विरेन्द्र सिंह के घर से विनय कुमार मित्तल के घर की ओर टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 23.23 लाख | 69,700 | 2000+जी0एस0टी0 | 5 माह |
| 24 | वार्ड न0 08 में डा0 अकील के घर से सामुदायिक भवन की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 13.10 लाख | 39,300 | 1500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 25 | वार्ड न0 09 में राजेन्द्र तिवारी के घर से तनेजा प्लाई बूड की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख | 12,000 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 26 | वार्ड न0 09 में शर्मा जी के घर से रावल जी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.63 लाख | 10,900 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 27 | वार्ड न0 09 में दीपक जी के घर से प्रमोद यादव के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.01 लाख | 9,050 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 28 | वार्ड न0 09 में सांई मन्दिर से अग्रवाल जी के प्लॉट की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.31 लाख | 12,950 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 29 | वार्ड न0 10 में सिडकुल मेन रोड से डा0 संखधर के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.43 लाख | 46,300 | 1500+जी0एस0टी0 | 4 माह |
| 30 | वार्ड न0 10 में पवन मान के घर से कुमार जी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 23.55 लाख | 70,650 | 2000+जी0एस0टी0 | 5 माह |
| 31 | वार्ड न0 10 में आर्या जी के घर से सिडकुल मैन रोड की ओर टाईल्स रोड़ व नाली निर्माण कार्य। | 18.60 लाख | 55,800 | 1500+जी0एस0टी0 | 4 माह |
| 32 | वार्ड न0 11 में मा0 सौरभ बहुगुणा जी के घर से चरनजीत कौर के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 19.63 लाख | 58,900 | 1500+जी0एस0टी0 | 5 माह |
| 33 | वार्ड न0 11 में जगदीप सिंह के घर से आशा देवी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.71 लाख | 26,150 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 34 | वार्ड न0 11 में फकीर कन्याल के घर से लक्ष्मी दत्त जोशी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.30 लाख | 45,900 | 1500+जी0एस0टी0 | 4 माह |
| 35 | वार्ड न0 11 में संजीव सौलंकी के घर से दिलबाग सिंहके घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.30 लाख | 24,900 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 36 | वार्ड न0 12 में इकवाल के घर से यामीन अंसारी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 2.77 लाख | 8,350 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 37 | वार्ड न0 12 में तारा चन्द के घर से नन्हे हाजी के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख | 12,000 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 38 | वार्ड न0 13 में सतवीर के घर से तरसेम सिंह के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। आर | 16.12 लाख | 48,400 | 1500+जी0एस0टी0 | 4 माह |
| 39 | वार्ड न0 13 में धनजय के घर से सरवन शर्मा के घर की ओर टाईल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 10.29 लाख | 30,900 | 1500+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 40 | वार्ड न0 13 में रसपाल सिंह के घर से अजमेर सिंह के घर की ओर टाईल्स रोड़ व नाली निर्माण। | 9.18 लाख | 27,550 | 1000+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 41 | वार्ड न0 13 में अनीशा नर्स के घर से नरेन्द्र सिंह के घर की ओर टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2.72 लाख | 8,200 | 500+जी0एस0टी0 | 2 माह |
| 42 | नगर पालिका परिषद सितारगंज के बरात घर की बाउन्ड्री निर्माण कार्य। | 5.69 लाख | 17,100 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |
| 43 | नगर पालिका परिषद सितारगंज के हॉल के अंतर्गत विभजक दीवार के द्वारा कर्मचारी केबिन का निर्माण। | 7.53 लाख | 22,600 | 1000+जी0एस0टी0 | 3 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद सितारगंज
(ऊधम सिहं नगर)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, सितारगंज
(ऊधम सिहं नगर)

### खेल विशेष

## सुक्खु ने अंगमो को एवरेस्ट फतह करने की दी बधाई

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को पर्वतारोही छोंजिन अंगमो को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि किन्नौर ज़्लि के चांगो गांव निवासी छोंजिन अंगमो जी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश और पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित छोंजिन अंगमो जी ने अपार साहस और अटूट संकल्प से दुनिया को दिखा दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनकी यह सफलता युवाओं को अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सीएम ने अंगमो और उनके परिवार को इसअविस्मरणीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

## खिलाड़ियों के सपनों को एमपीएल दे रही है उड़ान

**ग्वालियर, वार्ता।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भोपाल लेपर्ड्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155-91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े।

## विंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती सीरीज




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9-2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिए थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमशः 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी-20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

## आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस

**आईएलसी का उद्घाटन मुकाबला 27 मई की शाम को होगा**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुक. ाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुक. ाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सां. गवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ह्रयह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

**टीमें**

अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

## कामिला राखिमोवा के खिलाफ मैच से फ्रेंच ओपन अभियान की शुरुआत करेंगी सबालेंका

**पेरिस, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी। सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पाँचवीं वरीयता प्राप्त पो. लिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं। इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्विएटेक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है।सबालेंका ने कहा कि यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूँ। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है।

## एनसीसी कैडेट्स ने पुलिस व हेल्पिंग हैंड संस्था के साथ मिलकर निकाली जागरूकता रैली

# छात्रों को दी ट्रैफिक नियमों व स्वच्छता की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के 400 एनसीसी कैडेटस द्वारा द नेशनल हेल्पिंग हैंड (अशासकीय संस्था) के साथ मिलकर नशा उन्मूलन, ट्रैफिक जागरूकता व स्वच्छता को लेकर एक बड़ी रैली का आयोजन टैंक चौक, गणेशपुर पुल, गोल चौराहा, रेलवे स्टेशन, मालवीय चौक होते हुए गणेशपुर पुल पर संपन्न किया गया।

जानकारी के अनुसार इस महा रैली में रुड़की के कई विद्यालयों के सीनियर व जूनियर एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम का कार्यक्रम का आयोजन दी हेल्पिंग और संस्था के अध्यक्ष नौशाद हाशमी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र नाथ द्वारा एनसीसी कैडेट्स को जीवन में ट्रैफिक नियमों का पालन व




हेलमेट लगाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इसके बाद एसपी देहात शेखर चंद सुयाल द्वारा एनसीसी कैडेट्स को जीवन के महत्व के बारे में समझाया गया। एनसीसी कैडेट्स को नशा न करने की शपथ दिलवाई । कार्यक्रम में ले कर्नल अमन कुमार सिंह, कार्यवाहक कमान अधिकारी 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की की रही जिनके द्वारा आम-जनमानस को हेलमेट वितरित किए गए व हेलमेट लगाने से बचने वाले जीवन को बहुमूल्य बताया गया। कमान अधिकारी द्वारा एनसीसी कैडेट्स को हमेशा हेलमेट लगाकर की ही दुपहिया वाहन पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा व नोडल ऑफिसर नीरज नौटियाल द्वारा एनसीसी कैडेट को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई व रैली का संचालन भी किया। इस जागरूकता रैली को महत्वपूर्ण बनाने में बटालियन के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी विभाग से सूबेदार राजेश, हवलदार विनोद, हवलदार पूरन सिंह नेगी, हवलदार संदीप प्रजापति के साथ-साथ दी हेल्पिंग हैंड संस्था से रियासत अली, इनाम, सरफराज, अंकित, अखलाक, सुशील, निशात फातिमा, कुर्बान, नईम आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब रुड़की इलीट ने बच्चों को पर्यावरण व स्वछता के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की इलीट द्वारा, खंजरपुर स्थित स्कूल नंबर तीन में, दिनांक 22 मई को, पर्यावरण विषय पर, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाये गए सुन्दर रंग बिरंगे चित्रों ने सबका मन मोह लिया।

क्लब सचिव,रो अरुणिमा सिंह तथा रो राधिका अग्रवाल ने बच्चों के साथ जीवन में जल के मेहत्व, पृथ्वी और पर्यावरण का ख्याल रखने तथा अपनी और अपने आस पास की स्वछता के प्रति विचार साझा किए । क्लब अध्यक्ष रो दीप्ति कर्माकर ने, शुरू हो रही गर्मियों की छुटियों में बच्चों को पशु पक्षियों को पानी पिलाने के लिए तथा उनका ध्यान रखने के लिया सजग किया। प्रतियोगिता में अनायता सामंत ने प्रथम, अनत ने द्वितीय, इनायत ने तृत्य पुरस्कार और नंदिनी ने विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। क्लब के सदस्यों ने सभी बच्चों को रंग, ड्राइंग कॉपी, अन्य स्टेशनरी तथा का सामान वितरित किया तथा जिंदगी में सदा सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रो अंजली गर्ग,रो सविता सिंह, रो अनिरुद्ध गोयल, अवधेश शर्मा ,संजय सामंत, आदि उपस्थित रहे।

# सोते हुए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर पंचायत के मजरे हस्तमाली में बीती रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक अज्ञात हमलावर ने घर में घुसकर 45 वर्षीय मलक राज की गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात रात करीब 2 बजे उस समय हुई, जब मलक राज अपने परिवार के साथ सो रहे थे। आधी रात को घर परिवार बेखबर मृतक के पुत्र सौरभ ने बताया कि वे सभी रात में अपने घर में सो रहे थे, तभी करीब 2 बजे उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी। हालांकि, उन्हें यह नहीं पता चला कि गोली किसने चलाई, और वे फिर से सो गए। सुबह जब सौरभ की माँ मालती देवी ने शोर मचाया, तब परिजनों को मलक राज के सीने में गोली लगने का पता चला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।पत्नी ने देखा पति को मृतमलक राज की पत्नी मालती देवी ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि रात में उन्हें गोली की आवाज तो सुनाई दी थी, लेकिन उन्हें गोली चलने की सही जगह का अंदाजा नहीं था। सुबह 4 बजे जब वह उठीं और अपने पति को देखा, तो वह मुंह खोलकर पड़े थे और उनका चेहरा सूजा हुआ था। कपड़ा हटाने पर उन्हें खून और एक बड़ा छेद दिखा, जहाँ गोली लगी थी। उनके शोर मचाने पर परिजन और आस-पड़ोस के लोग जाग गए, और पुलिस को सूचित किया गया।सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी देहात ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि खानपुर थाना क्षेत्र के हस्तमाली में एक व्यक्ति को अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारी गई है, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। इस जघन्य वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

## राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले संगठन राष्ट्रीय महासचिव

# उत्तराखंड में तीसरा विकल्प बनेगा रालोद: त्रिलोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर वक्ताओं ने बल दिया। उन्होंने 2027 में उत्तराखंड में मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही और दावा किया कि जनता उन्हें तीसरे विकल्प के रूप में देख रही है।

नगर निगम सभागार में मुख्य वक्ता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा उत्तराखंड में हमने पार्टी के लिए काम

> ❖2027 में उत्तराखंड में मजबूती से चुनाव लड़ेगी पार्टी

कम किया है इसलिए यहां पार्टी कमजोर रही है लेकिन इस सम्मेलन के बाद अब पार्टी प्रदेश में मजबूती से आगे बढ़ेगी। कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी की रीती नीतियों को जन-जन तक पहुंचने का काम करें। कहा कि 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और उसके बाद 15 नवंबर तक संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



उन्होंने कहा पार्टी के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। जनता उन कार्यों को अब भी याद करती है। उन्होंने जातीय जनगणना और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का समर्थन किया। प्रदेश प्रभारी चौधरी नीरपाल सिंह व युवा प्रदेशध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा सम्मेलन का उद्देश्य है कि सदस्यता अभियान को गति दी जाए । पार्टी में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर पार्टी की रीति नीति लोगों को बताएंगे।। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कपिल कुमार त्यागी,देवपाल राठी, देवेंद्र टिकोला,दीपक तोमर, कमलप्रीत अरोड़ा, विनय प्रधान प्रभारी जम्मू कश्मीर, प्रदुमन कुमार राष्ट्रीय सचिव, निरपाल चौधरी खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेंद्र पंत आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता व पूर्व पार्षद पर दिनदहाड़े हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा नेता एवं पार्षद सुबोध सैनी से उनके कार्यालय में लूट का प्रयास किया गया। लेकिन उनकी हिम्मत के चलते बदमाशों का प्रयास असफल रहा और वह अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। भाजपा नेता द्वारा मामले की तहरीर सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को तहरीर में भाजपा नेता सुबोध सैनी के द्वारा बताया गया कि आज सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने कार्यालय में बैठे थे तभी दो युवक चाकू के साथ उनके कार्यालय में घुसे और उन पर वार करने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की जिसके बाद बदमाश अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। उन्होंने बदमाशों का पीछा किया तो वह एक वेगनआर कार में बैठकर फरार हो गए। वहां खड़े लोगों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया। वही पीड़ित द्वारा पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

## गृहकर व बिजली की बढ़ी दरों का विरोध

# कांग्रेस का निगम कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गृहकर बढ़ोत्तरी एवं अन्य समस्याओं के विरोध में महानगर कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने भाजपा सरकार को जन विरोधी बताया और बढ़े हुए कर को वापस लिए जाने की मांग की। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी का भी विरोध जताया।

नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान कलियर विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि गृह कर को बढ़ाकर सरकार ने अपना जन विरोधी होने का प्रमाण दिया है। उन्होंने कहा कि



सरकार को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है बस वह जनता को आर्थिक बोझ के तले दबाने का काम कर रही है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा वर्तमान नगर विधायक भाजपा से हैं और लगातार सरकार में होने के बावजूद वह नगर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिजली की दरों में फिर बढ़ोत्तरी की है लगातार बढ़ रहे बिलों से जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि गृह कर और बिजली की दर बढ़ाए जाने के बदले सरकार को जनता को सुविधाएं देने पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद फजलुर्रहमान, संजय तोमर, मोहित त्यागी, राहुल सैनी आदि मौजूद रहे।

# दबंगों पर लगाया खोखा हटाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील क्षेत्र के रायसी चौराहे के पास दस्को से खोका लगाकर अपना रोजगार कर रहे। व्यक्तियों ने दबंगो पर रात्रि में अपना सामान का खोका हटा कर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार पीडित ने कहा कि हमारे पिताजी यहां पर करीब 20 वर्षो से भी ज्यादा वक्त से अपना खोका लगाकर रोजगार कर रहे हैं जिससे हमारी और हमारे बच्चों की परवरिश हो रही थी हमारे पास कोई और रोजगार भी नहीं है। उन्होंने कहा कुछ दबंग लोगों ने हमारे रोजगार पर वार किया है जो गलत है। उन्होंने कहा हमने पुलिस चौकी से लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जगह को नहीं छोड़ेंगे क्योंकि यह हमारे परिवार के रोजगार से जुड़ी हुई है और हमारे पूर्वज भी अपना रोजगार यही कर रहे थे उन्होंने कहा इन लोगों के सामने कोई भी नहीं बोलना चाहता है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नगला कोयल से नारसन जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्लास्टिक की केन लिए एक व्यक्ति खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर घबराने लगा। पुलिस ने आरोपी से नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम 32 वर्षीय शतपाल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम नारसन कला बताया। जिसके पास से करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मंगलौर पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम को अलग-अलग गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। गिरफ्तार वारंटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर चंदनपुर निवासी मनजीत पुत्र जयपाल और अजब सिंह पुत्र चमन लाल निवासी ग्राम नाथू खेड़ी है।बताया जा रहा है दोनों व्यक्ति काफी दिनों से न्यायालय से फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। शुक्रवार को दोनों वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता से मार-पीटकर व घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता के साथ मारपीट गाली गलौज कर घर से बाहर निकालने व मारपीट से विवाहिता का गर्भपात होने के मामले में सुसरालियों के खिलाफ तहरी दी है।

पीडिता के भाई ने बताया कि बहन खुशनुमा का विवाह मौहम्म्द सावेज खान पुत्र श्री प्रवेज खान निवासी मौहल्ला पठानपुरा लाम देवबन्द, जिला सहारनपुर के साथ दिनांक 21.11.2024 को हुआ था। तभी से खुशनुमा के पति सावेज खान, सास सहाना, ननंद नेहा, आये दिन खुशनुमा को कम देहज लाने के ताने देने लगे तथा खुशनुमा के साथ मारपीट करने लगे। खुशनुमा से निकाह के बाद पडौस में रहने वाली लडकी अनम घर पर आकर लडी तो खुशनुमा को पता चला कि सावेज खान ने खुशनुमा से निकाह से पूर्व अनम नाम की लडकी से भी कोर्ट मैरिज किया हुआ है जिसकी जानकारी लडके के मामा दिलनवाज खान व वाजिद खान को दी थी, तथा मामा ने आकर खुशनुमा के साथ मारपीटायी व धमकाया व बोलने लगे के अनम के साथ इसका विवाह हो रखा है तू अपने घर चली जा तथा सावेज खान खुशनुमा को आये दिन मारपीट करता रहता था और कहता था कि तूझे तालाक दूगां जिसमें समें सावेज खान कि माता सहाना, ननंद नेहा भी साथ देती रहती थी खुशनुमा द्वारा सावेज को बताया कि मै चार महीने कि गर्भ से हू जिससे खुशनुमा का पति गुस्से में आ गया तथा कहने लगा कि में तेरा गर्भपात कराऊगां तो खुशनुमा ने मना कर दिया को दिनांक 18.05.2025 को रात्री में करीब 12:00 बजे सावेज खान ने खुशनुमा के साथ बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी उक्त मारपीट से खुशनुमा के शरीर व पेट में काफी चोट लगी, सावेज खान द्वारा की गयी मारपीट से खुशनुमा के पेट अत्याधिक पीढा थी।

जिसके पश्चात् खुशनुमा को सी०एच०सी० मंगलौर (हरिद्वार) ले गये जिसके पश्चात् चिकित्सा उपचार व मैडिकल परीक्षण के बाद बताया गया है कि इसको सिविल अस्पताल रूडकी ले जाओं। प्रार्थी खुशनुमा को लेकर सिविल अस्पताल रूडकी ले गये जिसके बाद पेट में अत्याधिक पीडा हुयी व उपचार के दौरान गर्भ में पल रहा बच्चा दिनांक 21.05.2025 की सुबह करीब 6:00 बजे गर्भपात हो गया तथा खुशनुमा सिविल अस्पताल रूडकी में भर्ती है।

**आवश्यक सूचना**

**मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**फिरोज खान**

(संवाददाता मंगलौर)

**मो. नं०** 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

# बच्ची के साथ महिला घर से हुई गायब गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर ढाढेकी निवासी राम कुमार पुत्र राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उसने शिकायत में बताया कि 23 मई को उसकी पत्नी अल्का जिसकी उम्र करीब 32 साल है वह घर से बिना बताए कहीं चली गई, जबकि अपनी 7 वर्षीय पुत्री अनुष्का को भी साथ ले गई। जिस पर उसने अपनी पत्नी को काफी इधर-उधर तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका जिस पर उसने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू करदी है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा 23 मई 2025 को लक्सर क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम पारस पुत्र विनोद निवासी शिवपुरी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमल कांत रतूडी कांस्टेबल अनिल वर्मा महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**बार के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी : मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के लंढौरा निवासी मुकेश नेगी पुत्र रतन सिंह ने पुलिस को बताया कि 23 मई को अज्ञात चोरों द्वारा उनकी स्कूटी राणा बार स्थित ग्राम थिथोला से चोरी कर ली गई है। खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# राउमावि नन्हेड़ा में विष्टानिया का विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में आज विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर विष्टानिया का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। ध्यान रहे कि विष्टानिया का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक निदेशक (सांख्यिकी), कृषि विभाग के पद पर हुआ। जिन्हें पहली नियुक्ति कृषि निदेशालय देहरादून में मिली।

चंद्रशेखर विष्टानिया ने अपने संबोधन में विद्यालय की यादों को ताजा किया और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा रोशनी तक पहुंचने से पहले अंधेरी घटियों से होकर गुजरना पड़ता है। शैलेंद्र गौड़, प्रधानाचार्य, राउमावि चंद्रपुरी ने अपने परम मित्र विष्टानिया की लगन और जुनून की तारीफ की जिसकी बदोलत वह अपनी मंजिल तक पहुंचने में कामयाब रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि सफलता के इन दो गुणों लगन और जुनून का पल्लू थामे रहो सफलता आपके कदम चूमेगी। रविन्द्र ममगई, राउमावि सालियर ने श्री विष्टानिया की मेहनत को नमन किया जिसने उन्हें चमकता हुआ सितारा बनाया। प्रधानाचार्य ताजीम अली ने बच्चों को कहा कि ज्ञान और तरक्की की सीमाएं आसमान तक है। आप जहां तक चाहे जा सकते है। प्रधानाचार्य ने अपने इस नारे को दोहराया कि जीना है तो पढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन श्री जसमेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में बिष्टानिया की धर्म पत्नी एवं शिक्षिका श्रीमती गीता विष्टानिया, रोशन लाल, श्रीमती रुपाली वशिष्ठ,



सीआरसी अमीर आलम, पूर्व पीटीए अध्यक्ष मोहम्मद हामिद और टयूटर कंचन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे। इस अवसर पर विष्टानिया को विद्यालय की और से गिफ्ट, मोमेंटो, हिंद स्वराज की प्रति, शैक्षिक भ्रमण देहरादून के अवसर पर स्टाफ और बच्चों के साथ लिए गए ग्रुप फोटो, ट्राई कलर पगड़ी और शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

## बीस लाख रुपये की लागत से बनने वाली

# इंटरलॉकिंग सड़क का विधायक फुरकान ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलड़ा में विधायक अहमद द्वारा अंबेडकर भवन से लेकर रजवाड़ा फार्म हाउस की ओर तिराहे तक 20 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का उद्घाटन किया। इस मौके ग्राम की महिलाओं व विधायक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

महिलाओ के द्वारा रमाबाई अंबेडकर नारी शक्ति संगठन के माध्यम से अंबेडकर भवन के सौंदरीयकरण का एक ज्ञापन विधायक फुरकान अहमद को सौंपा। विधायक ने महिलाओं को भवन के सौंदर्यकरण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द भवन का सौन्दर्यकरण कराया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह अठवाल, कुलदीप, डाँव शिवकुमार, प्रवीण जायसवाल,



सुमित कुमार, सोनू कुमार, गजेंद्र, कृष्णपाल, रमाबाई, अंबेडकर नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष सुनीता देवी, नीता देवी, रविता देवी आदि उपस्थित रहे।

# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



जम्मू-कश्मीर। पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमे. रिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रो. कने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहाः उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

## ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुईः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइ. निंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरीः रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रो. कने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा: शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

## अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़ॅन के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफ़ी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा: मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुता. बिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

## अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुक. दमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि



यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विद. ेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानक. ारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।

## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लियाः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को करेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।



# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लोरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।




# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये




**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।

# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिकारिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

